हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 07.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 219 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### यूपीएससी का परिणाम घोषित : अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा और इंटरव्यू (पर्सनैलिटी टेस्ट) के आधार पर अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। इस बार अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम हैं। वहीं, तीसरा स्थान एकांश ढुल ने हासिल किया है। लिखित परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित हुई थी, जबकि इंटरव्यू दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच लिए गए। चयनित उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप 'ए' और 'बी') में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है।

### छत्तीसगढ़ के जशपुर में बस पलटने से छह की मौत, नौ गंभीर

**जशपुर/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं नौ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और घटनास्थल पर एम्बुलेंस भेजी गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की ओर से सभी घायलों के बेहतर इलाज के लिए तत्काल निर्देश दिए हैं। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# केमिकल-फ्री और नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देकर कृषि निर्यात बढ़ाने पर जोर : प्रधानमंत्री



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादों को निर्यात उन्मुख बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने "कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन" विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक "हाईवे" बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर विचार कर रही है, लेकिन इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है और आय के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसी कारण सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दे रही है। खाने के तेल और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन जैसे प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है। इसी सोच के साथ सरकार ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सुधार के कारण किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना तक लाभ मिल रहा है। संस्थागत ऋण की पहुंच 75 प्रतिशत से अधिक किसानों तक हो चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। इन पहलों के कारण किसानों का जोखिम कम हुआ है और कृषि क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ा है।

### प्रधानमंत्री कल दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 मार्च को दिल्ली में लगभग 33,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री सरोजिनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) टाइप-5 क्वार्टर्स का दौरा करेंगे और महिला आवंटियों को आवास की चाबियां सौंपेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 18,300 करोड़ रुपये की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें मेट्रो के दो नए कॉरिडोर करीब 12.3 किलोमीटर लंबा मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किलोमीटर लंबा दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। इन नई लाइनों से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क सहित कई क्षेत्रों के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## यूपीएससी : दुमका की रहने वाली सुदीपा दत्ता ने हासिल किया 41वां रैंक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 का फाइनल परिणाम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में झारखंड के दुमका की रहने वाली सुदीपा दत्ता ने 41वां रैंक हासिल किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। इस लिस्ट में बिहार-झारखंड के कई सफल उम्मीदवार शामिल हैं, जिसमें धनबाद से श्रुति मोदी हैं, जिन्होंने 569 रैंक हासिल किया है। साहिबगंज की रहने वाली निहारिका सिन्हा को 365वां रैंक मिला है, जबकि लातेहार के विपुल गुप्ता को 103वां रैंक हासिल हुआ है।

सुदीपा ने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्हें 41वां रैंक मिला। इससे पहले भी वे इंटरव्यू तक पहुंची थीं, लेकिन फाइनल सलेक्शन नहीं हो पाया था। सुदीपा दत्ता की स्कूलिंग बिहार के बांका जिला से हुई है। बाद में उन्होंने दुमका से ग्रेजुएशन किया। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी भी अपने होम टाउन में रहकर ही की है। सुदीपा दत्ता ने अपने शहर के स्टेट लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई की और उपलब्ध संसाधनों से ही यह सफलता हासिल की है। सुदीपा दत्ता के पिता सच्चिदानंद दत्ता असिस्टेंट पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि मां एक गृहिणी हैं। यूपीएससी में सलेक्शन से पहले सुदीपा का चयन जेपीएससी में सीडीपीओ के पद पर हुआ था। सुदीपा दत्ता ने यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों से कहा कि आपके पास जितने संसाधन हैं, उनका उचित उपयोग करें, ताकि आपको सफलता मिले। इंटरनेट एक बेहतरीन संसाधन है, जिसका उचित सदपयोग करें। हर किसी के पास संसाधन सीमित ही होते हैं, बस आपको तैयारी बेहतर करनी होती है। यूपीएससी की परीक्षा में साल 2025 में 958 लोगों को सफलता हासिल हुई है। अनुज अग्निहोत्री टॉपर हैं, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम और तीसरे स्थान पर आकांक्षा धुल हैं। टॉप 5 कैंडिडेट में इस बार दो महिला शामिल हैं। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला हैं बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं और पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर हैं। अनुज राजस्थान के रहने वाले हैं और मात्र 25 साल के हैं। उन्होंने जोधपुर एम्स से एमबीबीएस की पढ़ाई की है।

## असम: सुखोई-30 एमकेआई फाइटर जेट क्रैश में दोनों पायलटों की मौत

एजेंसी

**कार्बी आंगलोंग :** असम के कार्बी आंगलोंग जिले के पहाड़ी इलाके में गुरुवार देर शाम को सुखोई-30 एमकेआई फाइटर एयरक्राफ्ट के क्रैश होने से दोनों पायलटों की मौत हो गई। दोनों की पहचान स्क्वाड्रन लीडर अनुज और को-पायलट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के रूप में हुई है। लेफ्टिनेंट पूर्वेश आईएएफ के फ्लाइंग नेविगेटर थे। हादसे की आधिकारिक जानकारी आईएएफ ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए दी है। दुर्घटना स्थल से दोनों वायु सैन्य कर्मियों के शव मिल गए हैं। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की एक्स पोस में भारतीय वायु सेना ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुर्वेश दुरागकर के निधन की जानकारी दी गई है। कहा गया है कि दोनों को सुखोई-30 दुर्घटना में घातक चोटें आईं। आईएएफ ने कहा है कि इस हादसे पर भारतीय वायु सेना के समस्त कर्मी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और इस शोक के समय दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।



यह हादसा गुरुवार रात लगभग 7 बजे के आसपास हुआ। विमान से संपर्क टूटने के बाद जोरहाट वायुसेना की टीम ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। हादसास्थल पर वायु सेना की टीम को पहुंचने में लगभग चार घंटे का समय लगा। हालांकि, हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि जोरहाट से टेक-ऑफ करने के कुछ ही देर बाद प्लेन कार्बी आंगलोंग जिले के दुर्गम पहाड़ी इलाके में क्रैश हो गया। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के गांवों के लोगों में डर फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने तुरंत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। यह दुर्घटना कार्बी आंगलोंग जिलांतर्गत रंगखेला के चोकीहोला के नीलिप ब्लॉक के पास एक दूर पहाड़ी इलाके में हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रात लगभग 7 बजे के आसपास एक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जो आसपास की पहाड़ियों में गूंजी और आसपास की बस्तियों में दहशत फैल गई।

## नेपाल चुनाव परिणाम : बड़ी जीत की ओर बढ़ रही बालेन की पार्टी, 90 में से 70 सीटों पर आगे

एजेंसी

**काठमांडू :** रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह उर्फ बालेन की नई राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) आम चुनाव में बड़ी जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। यह चुनावी राजनीतिक संकट के कारण कराया गया है। सितंबर में जेन-जी के नेतृत्व में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसके बाद केपी शर्मा ओली ओली की सरकार गिर गई थी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दोपहर दो बजे तक जिन 94 सीटों पर मतगणना चल रही थी, उनमें से 70 सीटों पर आरएसपी आगे चल रही थी। वहीं, नेपाली कांग्रेस, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी छह-छह सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी।



### भारत का रुख क्या है?

इस चुनाव पर भारत भी करीब से नजर रख रहा है। भारत चाहता है कि इस राजनीतिक रूप से संवेदनशील हिमालयी देश में स्थिर सरकार बने, ताकि दोनों देशों के विकास से जुड़ी साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों को और आगे बढ़ाने की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, भारत ने हमेशा नेपाल में शांति, प्रगति और स्थिरता का समर्थन किया है। इसी प्रतिबद्धता के तहत चुनाव के लिए नेपाल सरकार के अनुरोध परक भारत ने जरूरी लॉजिस्टिक मदद भी उपलब्ध कराई।

बालेंद्र शाह झापा की झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां उनका मुकाबला चार बार के प्रधानमंत्री रह चुके नेकपा (यूएमएल) के प्रमुख केपी शर्मा ओली से है। सुबह 10 बजे तक बालेंद्र शाह को 6,090 वोट मिले थे, जबकि ओली को 1,248 वोट मिले थे। इसके अलावा, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी, श्रम संस्कृति पार्टी और एक निर्दलीय उम्मीदवाद एक-एक सीट पर आगे चल रहे थे। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अब तक आरएसपी और नेपाली कांग्रेस ने एक-एक सीट जीत ली हैं। आरएसपी की रंजू दर्शना और काठमांडू-1 सीट से 15,455 वोट पाकर जीत हासिल की। वहीं, नेपाली कांग्रेस के योगेश गौचन थकाली ने मुस्तांग सीट से 3,307 वोट के साथ जीत हासिल की। एक अधिकारी के मुताबिक, पुष्प कमल दहल प्रचंड को अब तक 5,924 वोट मिल चुके हैं और वह रुकुम पूर्व सीट पर अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रवि लमिछाने के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी काठमांडू की सभी दस सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। गुरुवार को प्रतिनिधि सभा के चुनाव में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ।

## ईरान ने बहरीन में इजराइली दूतावास व कतर में एयर बेस को बनाया निशाना

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव :** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकांश इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। ईरान खाड़ी के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और उससे संबंधित इलाकों को लगातार निशाना बना रहा है। गुरुवार देर रात बहरीन की राजधानी मनामा में फाइनेंशियल हार्बर टावर्स को निशाना बनाया गया। वहीं बहरीन, कतर, सऊदी अरब और जॉर्डन में एयर डिफेंस सिस्टम लगातार उसके हमलों को इंटरसेप्ट कर रहे हैं। मौजूदा हालात के मद्देनजर कई देशों ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों से घरों में रहने की अपील की है।



तुर्किये की सरकारी न्यूज एजेंसी अनादोलु एजेंसी और ईरान की न्यूज एजेंसी फार्स के अनुसार बहरीन की राजधानी मनामा में रात के समय हुए हमलों में फाइनेंशियल हार्बर टावर्स और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को निशाना बनाया गया, जहां शहर में इजराइली दूतावास स्थित है। बहरीन डिफेंस फोर्स ने एक बयान में कहा कि ईरान की ओर से बहरीन के क्षेत्र को निशाना बनाकर दागी गई 78 मिसाइलें और 143 ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिए। बहरीन डिफेंस फोर्स अपने सैनिकों की तैयारी और सतर्कता की सराहना करते हुए नागरिकों से घरों में रहने और केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सेंट्रल अल-खारज गवर्नरेट के पूर्व में एक क्रूज मिसाइल को इंटरसेप्ट कर दिया। बाद में मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि रियाद क्षेत्र के पूर्व में तीन ड्रोन को भी मार गिराया गया।

उधर कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी एयर डिफेंस फोर्स ने दोहा स्थित अल उदीद एयर बेस को निशाना बनाकर किए गए एक ड्रोन हमले को विफल कर दिया। यह एयर बेस अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण सैन्य ठिकाना माना जाता है। दोहा में सुबह करीब 4 बजे धमाकों की जोरदार आवाजें सुनीं गयीं, जो ईरान से आए ड्रोन को इंटरसेप्ट करने के दौरान हुई थीं। पिछले पांच दिनों में सैन्य बेस को निशाना बनाकर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से एक को इंटरसेप्ट कर लिया गया जबकि दूसरी अपने लक्ष्य तक पहुंची, हालांकि नुकसान को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। उन्होंने बताया कि कतर में सभी संवेदनशील इलाकों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### अमेरिका-इजराइल के हमले से ईरान में भारी तबाही, लेबनान से भागने लगे लोग

**तेहरान/लेबनान/वाशिंगटन/तेल अवीव :** इजराइल ने सारी रात ईरान की राजधानी तेहरान पर मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे कई जगह आग लग गई। तेहरान की इमारतों से इस समय भी धुआं उठ रहा है। यही हाल लेबनान की राजधानी बेरूत का है। राजधानी में दहशत है। लोग लेबनान छोड़कर भागने लगे हैं। इजराइल ने लेबनान में सारी रात हवाई हमले किए। आतंकी समूह हिजबुल्लाह को निशाना बनाया। सीएनएन की आज दोपहर बाद प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा है। तेहरान धुएं से भर गया है। इजराइल के एक व्यस्त शॉपिंग स्ट्रीट पर किए गए हमले से जानमाल की भारी क्षति हुई है। इजराइल ने स्वीकार किया है कि उसने लेबनान की राजधानी में पूरी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया। हमले से पहले स्थानीय निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की गई।

## नीतीश के बेटे निशांत की राजनीति में होगी एंट्री, आज जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जेडीयू की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई तो उनके बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री तय हो गयी। निशांत कुमार आज जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि मैं राज्यसभा जा रहा हूं। आपलोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हम बिहार में भी रहेंगे, सब काम होते रहेगा। उन्होंने कहा किबिहार के विकास के लिए खूब काम कीजिए। हम सब देखते रहेंगे, चिंता मत कीजिएगा।



जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि शुक्रवार को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में सांसद और मंत्रीगण और विधानमंडल की बैठक हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से उनके फैसले के साथ खड़ी है, क्योंकि उन्होंने पार्टी को बनाया है तो जेडीयू का विधानमंडल और संसद सदस्य आपके साथ है।

साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि निशांत कुमार को राजनीति में आना चाहिए। विधायकों और मंत्रियों ने इस फैसले का स्वागत किया है और निशांत कुमार आज जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। निशांत कुमार ने तय किया है कि वह बिहार का दौरा भी करेंगे।

इस घोषणा को जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और राज्य मंत्री श्रवण कुमार ने कन्फर्म किया, जिन्होंने कहा कि निशांत कुमार के पार्टी में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

यह कदम तब उठाया गया है जब नीतीश कुमार ने 5 मार्च को राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल करने का फैसला किया, जिससे राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर उनका लगभग दो दशक का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। मुख्यमंत्री का पद बीजेपी के किसी नेता (शायद ईबीसी या ओबीसी कैटेगरी से) को मिलने की उम्मीद है।

# रांची के कांटाटोली में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची के कांटाटोली स्थित एस्टेट प्लाजा में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद रहीं। यह उन्नत आधार सेवा केंद्र रांची और आसपास के क्षेत्रों में आधार सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। केंद्र को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं और बेहतर अवसंरचना के साथ विकसित किया गया है, जिससे आधार नामांकन और अद्यतन सेवाएं अधिक तेज, पारदर्शी और नागरिकों के लिए सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। अब तक झारखंड में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के आधार सेवा केंद्र केवल तीन जिलों रांची, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम में ही संचालित हो रहे थे।



अब इन्हीं केंद्रों के साथ चरणबद्ध तरीके से नए आधार सेवा केंद्र बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा और पलामू में भी स्थापित किए जाएंगे। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने आधार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और आम लोगों तक आधार सेवाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यूआईडीएआई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता, दक्षता और सुविधा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के पांच वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा पुनः 15 वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य कराएं। इससे बच्चों को छात्रवृत्ति जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी और जहां लागू हो, वहां एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के पंजीकरण में भी कोई समस्या नहीं आएगी। इस अवसर पर महुआ माजी ने भी अभिभावकों से अपने बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालयों से अपील की कि वे यूआईडीएआई के मिशन मोड अभियान के तहत लंबित मामलों को कम करने के लिए सक्रिय पहल करें। कार्यक्रम में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के उपमहानिदेशक अखिलेश कुमार गुप्ता, निदेशक नीरज कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कांटाटोली स्थित यह उन्नत आधार सेवा केंद्र सीधे यूआईडीएआई द्वारा संचालित किया जाएगा, जबकि इसके दैनिक संचालन का प्रबंधन प्रोटीन ई-जीओवी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। केंद्र में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग समर्पित काउंटर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके अलावा स्तनपान कराने वाली माताओं की सुविधा के लिए फीडिंग रूम भी बनाया गया है। यह उन्नत आधार सेवा केंद्र रांची और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए आधार सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा। इससे परिचालन दक्षता बढ़ेगी, अस्वीकृति की संभावना कम होगी और आधार अपडेट की प्रक्रिया अधिक तेज और सुगम हो सकेगी। साथ ही यहां जन्म पंजीकरण संख्या के आधार पर बच्चों का नामांकन भी शुरू किया जाएगा।

## झारखंड में 'उमंग दिवस' की शुरूआत, किशोरों को स्वास्थ्य जानकारी और परामर्श से जोड़ने की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के सहयोग से 'उमंग दिवस' का राज्य स्तरीय शुभारंभ शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जमचूआ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने किया। 'उमंग दिवस' 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों के लिए एक मासिक सहभागिता मंच है, जिसका उद्देश्य उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी, परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने चल रहे सत्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित किशोरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम, साहिया और समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने किशोर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर शशि प्रकाश झा ने कहा कि बच्चे अपने घर में बड़ों को देखकर सीखते हैं और उसी से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते हैं। किशोरावस्था वह समय होता है जब बच्चों में जिज्ञासा सबसे अधिक होती है और वे स्वाभाविक रूप से कई सवाल पूछते हैं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपनी जिज्ञासाओं और प्रश्नों के साथ आगे बढ़ते हैं, वही भविष्य में जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनते हैं।

## रांची में गैलेक्सिया मॉल स्थित पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बीडीएस ने की सघन जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस बार ग्लैक्सिया मॉल में स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात अपराधियों ने ईमेल के माध्यम से धमकी भरा संदेश भेजा, जिसमें रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई। धमकी भरा मेल मिलने के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और



पूरे परिसर की जांच शुरू कर दी। पुलिस और बीडीएस टीम ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर और आसपास के पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। मॉल परिसर के अलग-अलग हिस्सों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ समय के लिए इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई। हालांकि, कई घंटों तक चली जांच के दौरान कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच जारी रखी गई है। पुलिस अब उस ईमेल की तकनीकी जांच कर रही है, जिसके जरिए धमकी दी गई थी। साइबर टीम की मदद से मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## जनता जूझे रोजी-रोटी के संघर्ष में और मुख्यमंत्री बसेंगे 100 करोड़ के शीश महल में : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार पर मुख्यमंत्री आवास के निर्माण को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो सरकार खुद को गरीब, आदिवासी और मूलवासी की सरकार बताती है, वही मुख्यमंत्री के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का "शीश महल" बनाने में जुटी हुई है। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब अरविंद केजरीवाल की राह पर चल पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह दिल्ली में जनता के पैसे से शीश महल बनाया गया, उसी तर्ज पर झारखंड में भी मुख्यमंत्री अपने लिए आलीशान आवास बनवा रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रस्तावित आवास में स्विमिंग पूल,



जकूजी, आलीशान कमरे, लगभग दो करोड़ रुपये का फव्वारा और ढाई करोड़ रुपये का गार्डन जैसी सुविधाओं की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस राज्य में आज भी बड़ी संख्या में आदिवासी और मूलवासी परिवार रोजी-रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उसी राज्य का मुख्यमंत्री अपने लिए इतने महंगे आवास का निर्माण करा रहा है। प्रतुल शाहदेव ने यह भी कहा कि इस परियोजना को हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी गई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि आधिकारिक तौर पर मुख्य भवन के निर्माण पर लगभग 47 करोड़ रुपये खर्च बताए जा रहे हैं, जबकि अन्य मदों को जोड़ने पर यह राशि लगभग 70 करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है।

## बीआईटी मेसरा में 'जड़ों से नवजागरण' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा में शुक्रवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। "जड़ों से नवजागरण : झारखंड में जनजातीय विरासत, नवाचार और डिजिटल उद्यमिता को जोड़ने की पहल" विषय पर आधारित यह कार्यशाला 6 से 8 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक तथा डिजिटल उद्यमिता से जोड़ने के तरीकों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पद्मश्री सम्मानित लोकगायक मधु मंसूरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक आसिफ अकरम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर



पर मधु मंसूरी ने युवाओं से अपनी जड़ों और जनजातीय परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया और अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने की प्रेरणा दी। वहीं आसिफ अकरम ने जनजातीय ज्ञान को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान सोहराय पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन बनाना, मास्क निर्माण और जनजातीय भोजन परंपराओं पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक झूमर नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ।

# झारखंड बीजेपी संगठन में उचित प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर तेली समुदाय ने उठाई आवाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में तेली समाज को भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश तेली अधिकार मंच ने शुक्रवार को रांची में प्रेस वार्ता कर अपनी मांगें रखीं। प्रेस वार्ता शहर के कचहरी क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में आयोजित की गई। मंच के पदाधिकारियों ने इस मौके पर कहा कि राज्य में लगभग 22 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद भाजपा के संगठन में तेली समाज की भागीदारी अपेक्षित स्तर पर नहीं है। मंच की ओर से इस संबंध में एक मांग-पत्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी तथा भाजपा के संगठन



महामंत्री कर्मवीर सिंह को सौंपा गया है। मंच ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें झारखंड भाजपा संगठन में प्रदेश महामंत्री का पद तेली समाज से देने, संगठन में तेली समाज को उसकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने तथा प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर योग्य तेली समाज के कार्यकर्ताओं को उनकी योग्यता के अनुसार जिम्मेदारी देने की मांग शामिल है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष निरंजन भारती ने कहा कि तेली समाज की लगभग 90 प्रतिशत आबादी राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति का समर्थन करती रही है और चुनावों में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में समाज की लगभग 22 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद संगठन में उसका प्रतिनिधित्व बेहद कम होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तेली समाज केवल सम्मानजनक भागीदारी चाहता है। यदि समाज की लगातार अनदेखी होती रही तो कार्यकताओं में असंतोष बढ़ सकता है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। वहीं मंच की सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि तेली समाज लंबे समय से भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और पार्टी की विचारधारा को समाज तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन में समाज के योग्य और समर्पित कार्यकताओं को अवसर मिलना चाहिए, जिससे समाज की राजनीतिक भागीदारी और मजबूत हो सके। प्रेस वार्ता में मौजूद जिला परिषद सदस्य किरण देवी ने कहा कि तेली समाज ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। ऐसे में संगठन में समाज के योग्य और समर्पित कार्यकर्ताओं को अवसर मिलना चाहिए। यह किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सम्मानजनक भागीदारी की मांग है। मंच के अन्य नेताओं ने भी कहा कि उनकी मांग किसी के विरोध में नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व के लिए है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से समाज की जनसंख्या, योगदान और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## एक नजर

### डोरंडा के इश्तियाक रहमान ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल की 356वीं रैंक



**रांची :** रांची के डोरंडा फिरदौस नगर के रहने वाले इश्तियाक रहमान ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्हें इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 356 वीं रैंक प्राप्त हुई है। इश्तियाक रहमान पिछले लगभग छह महीनों से हैदराबाद में मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के अंतर्गत हैदराबाद एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे रांची शहर, खासकर मुस्लिम समाज में खुशी और गर्व का माहौल है।

### दिल्ली में 24 मार्च को माकपा की जनमुद्दों की रैली, झारखंड में तेज हुई तैयारियां

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली जनमुद्दों की रैली की तैयारी झारखंड में तेज कर दी गई है। यह जानकारी माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। प्रकाश विप्लव ने बताया कि रैली में झारखंड से सैकड़ों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों में अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं। माकपा नेताओं के अनुसार, इस रैली में श्रमिकों, किसानों और आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इनमें चार नए लेबर कोड को रद्द करने, मनरेगा को प्रभावी ढंग से लागू करने, वीबी-जीरामजी योजना को समाप्त करने, प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक और बीज विधेयक को वापस लेने की मांग शामिल है। इसके साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण और युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने जैसे मुद्दे भी रैली में उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में होने वाली इस रैली में झारखंड से जाने वाले जत्थों का नेतृत्व पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ-साथ केंद्रीय कमेटी सदस्य और सीटू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप दत्ता तथा वरिष्ठ नेता वृंदा कारात करेंगे।

### झारखंड में शनिवार से बदलेगा मौसम, कई जिलों में बारिश की संभावना येलो अलर्ट जारी

**रांची:** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर विभाग ने कुछ क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं रविवार को राज्य के 14 जिलों में और सोमवार को 11 जिलों में हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई गई है। विभाग की ओर से बताया गया कि मंगलवार को भी राज्य के कई हिस्सों में मौसम का असर बना रह सकता है। इस दिन 11 जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा नौ जिलों में भी गरज के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय सरना समिति ने बाबूलाल से की मुलाकात



**रांची:** केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया। यह जानकारी केन्द्रीय सरना समिति के महासचिव महादेव टोप्पो ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्याम से दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को सरना अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर समिति के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि वे राज्य के आदिवासी-मूलवासी समाज से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने मरांडी के साथ झारखंड में जमीन की लूट, कृषि योग्य जमीन पर जबरन निर्माण करने, खनिज संपदा का दोहन, बिगड़ती कानून व्यवस्था और आदिवासी-मूलवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि इन विषयों को सदन में उठाकर आदिवासी-मूलवासी समाज के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। मौके पर समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, महासचिव महादेव टोप्पो, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची के मोराबादी मैदान में 7 मार्च से राज्य हथकरघा एवं सरस मेला



**रांची:** राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में 7 मार्च से राज्य हथकरघा एवं सरस मेला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मेला समिति की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, यह मेला 7 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मेले का उद्घाटन राज्य के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। मेला समिति की ओर से बताया गया कि इस मेले में राज्य के विभिन्न जिलों से आए बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण कारीगरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य के बुनकरों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने उत्पादों को सीधे लोगों तक पहुंचा सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न जिलों के स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जो मेले में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे।

### भारतीय नारी सबपे भारी संस्था ने किया महिलाओं को सम्मानित



**रांची :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय नारी सबपे भारी संस्था की ओर से राजधानी रांची के बिरसा चौक के पास शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के हित में कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष परमजीत कौर ने स्वागत संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भले ही 08 मार्च को मनाया जाता है, लेकिन संस्था ने उससे पहले ही प्रतिभाशाली महिलाओं और समाज में महिलाओं की सहायता करने वाले लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया, ताकि उनके कार्यों को समाज के सामने लाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्ये अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल ठाकुर, गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, सैंको ज्वेलर्स के मनोज वर्मा और असगर अली उपस्थित थे। वहीं मुख्य अतिथि ज्योति सिंह माथारू ने कहा कि महिलाओं का सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, क्योंकि महिलाओं के बिना देश और समाज की प्रगति अधूरी है। वहीं कमल ठाकुर ने दैनिक जीवन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान महिलाओं को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### झारखंड निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत पर 8 मार्च को सम्मान समारोह

**रांची :** झारखंड में हाल ही में संपन्न नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की बड़ी जीत के बाद पार्टी ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने रांची में दी। राकेश प्रसाद ने बताया कि आगामी 8 मार्च को रांची के बोड़ेया रोड स्थित गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 48 नगर निकायों में भाजपा के समर्थन और पार्टी की विचारधारा से जुड़े महापौर, अध्यक्ष तथा पार्षद बड़ी संख्या में जीतकर आए हैं। इन जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने के लिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रसाद ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा लगातार तिकड़म, पुलिस प्रशासन के दबाव और उसके दुरुपयोग के बावजूद नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद अरुण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

**एक नजर**

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**रामगढ़** : आग लगने की घटनाओं से बचाव और आपदा की स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी देने के उद्देश्य से रामगढ़ के गोला रोड स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्निशमन विभाग की ओर से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और उससे सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के प्रशिक्षक राजू यादव और बंटी कुमार ने छात्रों को आग लगने के प्रमुख कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई बार छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती हैं, इसलिए आग से जुड़ी घटनाओं को लेकर हमेशा सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी स्थान पर आग लग जाए तो घबराने के बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शुरूआती अवस्था में लगी आग को फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

## दो शौचालय का निर्माण तीन वर्ष पूर्व किया गया अभी तक चालू नहीं



**मुरी** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कोकोराना गांव में भारतीय स्टेट बैंक के समीप दो शौचालय का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्व ही किया गया है,लेकिन आज तक इसे चालू नहीं किया गया है। शौचालय के ऊपर दो पानी टंकी लगाया गया लेकिन पानी का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है ।यह शौचालय किस योजना के तहत बनवाया गया है किसी को पता नहीं है। दूसरी तरफ बैंक में पहुंचने वाले ग्रामीण ग्राहक शौच अथवा लघु शंका के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। वहीं बैंक प्रबंधन की ओर से प्रशाधन की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है जिससे कम से कम महिला ग्राहकों को सुविधा हो।

## हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी वर्कस यूनियन कमेटी का हुआ गठन

**मुरी** : मुरी स्थित हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी वर्कस में स्थाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए गठित मुरी अल्युमिनियम कारखाना श्रमिक संघ को श्रम विभाग रांची द्वारा रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ ।सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय रांची द्वारा संघ को पंजीकृत कर लिया गया, जिसका पंजीयन संख्या 367/2026 है। बताते चलें कि विगत सालों से चली आ रही मुरी अल्युमिनियम फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन का रजिस्ट्रेशन 2017 में ही समाप्त हो चुका था,जिसके कारण मजदूरों की समस्याओं पर ठोस पहल नहीं हो पा रही थी जिसको देखते हुए स्थाई कर्मचारियों के निरंतर प्रयास से एक नया यूनियन का गठन किया गया ।यूनियन का गठन होने से श्रमिकों को किसी भी समस्या का हल बेहतरीन तरीके से किया जा सकेगा। नया संघ के गठन होने से मजदूरों के अंदर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस आशय की जानकारी श्रमिक संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार महतो ने दी।

# होली पर पिस्टल लहराकर दहशत फैलाने वाला सुजित डोम गिरफ्तार, घर से पिस्टल व आठ कारतूस बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा** : होली के दिन पिस्टल दिखाकर लोगों के बीच दहशत फैलाने वाले कुख्यात अपराधी सुजित राम उर्फ सुजित डोम को पतरातु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर एक देशी पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली थी कि 4 मार्च 2026 को होली के दिन बुधबाजार रिवरसाइड, भुरकुंडा निवासी सुजित डोम आपसी विवाद के दौरान पिस्टल का भय दिखाकर इलाके में माहौल खराब कर रहा है और इधर-उधर घूमकर लोगों के बीच दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने 5 और 6 मार्च की रात सशस्त्र बल के सहयोग से आरोपी के घर की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान सुजित डोम घर पर ही मौजूद मिला। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि होली के दिन लोगों को डराने के लिए उसने हथियार का इस्तेमाल किया था और पिस्टल तथा कारतूस अपने कमरे में रखे बक्से में छिपाकर रखा है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बक्से की तलाशी ली, जहां से एक 7.65 बोर का देशी पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस और एक खाली मैगजीन बरामद हुआ। जब पुलिस ने हथियार और कारतूस से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड संख्या 55/2026 दिनांक 6 मार्च 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए और 26 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले भी होली के दिन पिस्टल दिखाकर लोगों को धमकाने के मामले में पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड संख्या 53/2026 दिनांक 5 मार्च 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार सुजित राम उर्फ सुजित डोम का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है। वह पहले भी आर्म्स एक्ट, डकैती, संगठित अपराध और अन्य कई मामलों में जेल जा चुका है। बताया जाता है कि वह राहुल दुबे गिरोह के लिए भदानीनगर रेलवे साइडिंग में लेवी को लेकर हुए गोलीकांड में भी शामिल रहा था। इस मामले में पतरातु (भदानीनगर) थाना कांड संख्या 163/2025 में उसे जेल भेजा गया था और 10 दिसंबर 2025 को जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद भी वह राहुल दुबे के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस पूरी कार्रवाई में पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पतरातु, बासल, भुरकुंडा, भदानीनगर और बरकाकाना थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।

## श्री हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर मंडल की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : नगर के धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आगामी 45वें श्री हनुमान जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर शहर के अग्रसेन भवन में एक आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष विजय सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव विक्की केसरी ने किया ।बैठक में आगामी 1 एवं 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले श्री हनुमान जयंती महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन की बेहतर व्यवस्था के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं ।बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि 2 अप्रैल को भव्य गजरा एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। चंदा संग्रह के लिए गठित कमेटी में विजय पांडेय, आशुतोष भदानी, मनोज माथुर, सुशील सिन्हा, राकेश कप्सीमे, सुजय सिंह, अरविंद चौधरी, बिमल मोदी, सतेंद्र सिन्हा, उमंग अग्रवाल, बब्लू सिंह, बब्लू पांडेय, विक्की केसरी, नवीन सिन्हा, विकास अग्रवाल, मनोज साव, रामानुज सिंह एवं मनोज सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

## त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, बंजारी मंदिर के पास चलाया गया चेकिंग अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से घुटवा थाना पुलिस द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बंजारी मंदिर के समीप पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध लोगों की सघन जांच की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात की जांच की। साथ ही वाहन चालकों से पूछताछ कर उनकी पहचान की पुष्टि की गई। इस दौरान कई वाहनों की डिक्की और बैग की भी जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध वस्तु को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों और बढ़ती आवाजाही को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। एंटी क्राइम चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। जांच के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत भी दी और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आसपास के लोगों से भी सतर्क रहने को कहा गया। घुटवा थाना पुलिस का कहना है कि इस तरह की एंटी क्राइम चेकिंग आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## होली के दिन युवक पर हमला, मुखिया पुत्र पर बीयर की बोतल से सिर फोड़ने का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : होली जैसे खुशियों के त्योहार के दिन भदानीनगर क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लपंगा पंचायत के मुखिया के पुत्र ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया और बीयर की बोतल से उसके सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद इलाके में चर्चा और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, हुरूमगढ़ा जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी शिवशंकर दास ने बताया कि होली के दिन वह अपने साले रोहित के साथ कोल कंपनी कॉलोनी स्थित अपने ससुराल अबीर-गुलाल खेलने जा रहा था। रास्ते में आईएजी मैदान के पास उसे लघुशंका लगी, जिसके कारण उसने बाइक रोक दी। इसी दौरान उसका साला रोहित बाइक लेकर कुछ दूर आगे निकल गया। शिवशंकर दास के अनुसार वह अपने साले को नाम लेकर वापस बुला रहा था। इसी बीच लपंगा पंचायत के मुखिया का पुत्र राहुल दुबे अपने साथियों रोहित दुबे और शुभम के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि तीनों ने बिना किसी वजह के उसे घेर लिया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। देखते ही देखते बात गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने उन्हें समझाने की कोशिश की कि वह केवल अपने साले को बुला रहा है और उसका उनसे कोई विवाद नहीं है, तब भी आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी। इसी दौरान राहुल दुबे ने पास में पड़ी बीयर की बोतल उठाई और जोरदार वार उसके सिर पर कर दिया। वार इतना तेज था कि शिवशंकर का सिर फट गया और वह मौके पर ही खून से लथपथ हो गया। शिवशंकर दास का आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावर उसे यह कहते हुए धमकाते रहे कि उनके पिता पंचायत के मुखिया हैं और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यहां तक कहा गया कि यदि वह थाने में शिकायत करेगा तो भी उनका बाल भी बांका नहीं होगा।

## रामगढ़ कैंट में भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को मजबूत करने की दिशा में रामगढ़ कैंट में नए मंडल कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया तथा दीप प्रज्वलित कर इसे कार्यकताओं और आम जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बबला ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय ने किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। नगर अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय के नेतृत्व में पटाखे छोड़कर, ढोल-नगाड़े बजाकर और फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि संगठन को मजबूती देने और कार्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां से जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उनके अनुसार यह कार्यालय सेवा, समर्पण और संगठन की नई दिशा तय करेगा।

# रामगढ़ में रामनवमी की तैयारियां तेज 24 मार्च को निकलेगा भव्य मंगला जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : रामनवमी महोत्सव को लेकर रामगढ़ शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को गणक मैरेज हॉल के सभागार में रामनवमी पूजा महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। इस दौरान पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में रामनवमी महोत्सव से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक में राजेश ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष भी रामगढ़ शहर में रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ों के साथ समन्वय स्थापित कर इस बार और भी बेहतर तरीके से आयोजन की तैयारी की जा रही है, ताकि पर्व को पारंपरिक, अनुशासित और गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने शहर के सनातन धर्म के अनुयायियों और श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी 24 मार्च को रामगढ़ शहर में भव्य मंगला जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, सांस्कृतिक परंपरा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसलिए सभी लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। बैठक का संचालन विशाल जायसवाल ने किया, जबकि समापन भाषण ब्रजेश पाठक ने दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों ने भी अपने विचार साझा किए और आयोजन को सफल बनाने के लिए कई सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसायी सह समाजसेवी तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संतु भाई मानिक, कमल बगड़िया, अमित सिन्हा, पंकज तिवारी और पंकज महतो ने भी सभा को संबोधित किया। बैठक में तुलेश्वर पासवान, सत्यजीत चौधरी, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू, ऋषि विश्वकर्मा, विनय शर्मा, ओमप्रकाश कुशवाहा, शिवकुमार दांगी, राहुल कुमार, तरुण कुमार साव, शिवानी देवी, सोनी कुमारी, किशन आनंद, पंकज दांगी, कैलाश दांगी, गौतम कुमार, सहित महासमिति के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

## आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी के घर पुलिस ने ढोल-नगाड़े के साथ चिपकाया इश्तेहार



**भुरकुंडा** : रांची जिले के नगड़ी थाना की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक फरार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सौंदा डी क्षेत्र में उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस टीम ने ढोल-नगाड़े के साथ विधिवत मुनादी कराते हुए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार फरार वारंटी अविनाश भूईया उर्फ अविनाश कुमार उर्फ राज नगड़ी थाना कांड संख्या 160/25 का अप्राथमिकी अभियुक्त है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1), 61(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज है। मामले में आरोपी काफी समय से फरार चल रहा है और न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय द्वारा जारी वारंट का पालन कराने के लिए नगड़ी थाना की टीम ने सौंदा डी स्थित उसके घर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया के तहत इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान ढोल-नगाड़े बजाकर सार्वजनिक रूप से मुनादी कराई गई, ताकि क्षेत्र के लोगों को आरोपी की जानकारी मिल सके और उसे जल्द न्यायालय में उपस्थित होने के लिए कहा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के परिजनों की उपस्थिति में घर की दीवार पर इश्तेहार चिपकाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अविनाश भूईया जल्द से जल्द रांची न्यायालय में आत्मसमर्पण करे। यदि वह निर्धारित समय के भीतर कोर्ट में उपस्थित नहीं होता है, तो न्यायालय के आदेश पर उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को भी पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी और न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर नगड़ी थाना अंतर्गत दलदली ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय, भुरकुंडा ओपी के एएसआई बालेश्वर गंझु, सुनील मुंडा सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में चर्चा का माहौल रहा और लोगों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में उठाए गए कदम की सराहना की।

## 11 मार्च से अड्डी बंगला में सात दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव



**झुमरी तिलैया** : झुमरी तिलैया के अड्डी बंगला स्थित दुर्गा मंडप के समीप जय सियाराम सत्संग समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री राम कथा वाचन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 11 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से संध्या 6 :30 बजे तक आयोजित होगा, जबकि 18 मार्च 2026 को हवन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदीप केडिया ने की तथा संचालन अरुण मोदी ने किया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महोत्सव के दौरान राम कथा का वाचन प्रख्यात राम कथावाचक पंडित राम करण सहल द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म, मयार्दा और आदर्श जीवन के संदेश से प्रेरित हो सकेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 11 मार्च को राम कथा महात्म्य, 12 मार्च को शिव विवाह एवं सती चरित्र, 13 मार्च को राम जन्म, बाल लीला एवं अहिल्या प्रसंग, 14 मार्च को धनुष यज्ञ, राम विवाह और वनवास, 15 मार्च को भरत मिलाप, शबरी कथा और सुग्रीव मिलन, 16 मार्च को सुन्दरकाण्ड तथा 17 मार्च को रावण वध एवं राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया जाएगा। इसके पूर्व 11 मार्च की सुबह 8 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से कलश एवं निशान पदयात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचेगी। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। बैठक में मनोज केडिया, राजेन्द्र सिंह, मुकेश भालोटिया,मनोज जोशी, सज्जन शर्मा, अरविन्द चौधरी, चन्द्रशेखर जोशी, संजय मोदी, उमेश जोशी, पप्पू केडिया, प्रवीण जोशी, अनुराग हिसारिया,यश दाहिमा, संतोष वर्णवाल, मुकेश सिंह,सुजाता जोशी, मंजु मोदी, नीलम जोशी,वेवी वर्णवाल,रुवी कुमारी, सीमा मोदी,मुनीता राणा,बच्ची देवी,मधु देवी,सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बाबा श्याम के शीश की पूजा-अर्चना व भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



**झुमरी तिलैया** : झुमरी तिलैया में शीश के दानी बाबा श्याम की प्रतिमा के शीश की विधिवत पूजा-अर्चना एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रस्तुत किए गए भजनों की मधुर धुनों पर श्याम भक्त भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरे वातावरण में भक्ति की सरिता बहती रही। झुमरी तिलैया स्थित श्याम शरण में आ जा रे के युवा सेवदार यश बंसल के अड्डी बंगला स्थित निवास पर एक अनूठी पहल के तहत बाबा श्याम के शीश की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत गंगाजल एवं पंचामृत स्नान से हुई। आचार्य रमाकांत शर्मा और अनिल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर यजमान के रूप में ममता-संजय नरेड़ी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया। इसके उपरांत श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बाबा श्याम के शीश के साथ भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लिए आकर्षक दरबार सजाया गया, जिसमें राजस्थान के त्रिदेव—बाबा श्याम, श्री राणी सती दादी जी और सालासर बालाजी—के भजनों का संगीतमय गुणगान किया गया। भजन संध्या की शुरूआत विशाल सिंह ने गणेश वंदना से की, जिसके बाद उन्होंने हनुमान जी के भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद यश दहिमा ने भावना की ज्योत जगा कर देखिए, बोलती है मूर्ति बुलाकर देखिए भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन श्याम शरण में आ जा रे एवं श्याम मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस दौरान बाबा श्याम की प्रतिमा बनाने वाले कला वाले हाथ बंटी कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विमल पचासिया, अरविन्द चौधरी, संतोष लड्डा, संजू पिलानिया, नितेश अग्रवाल, अजय शर्मा, आयुष पोद्दार, विष्णु चौधरी, कदम सर्राफ, रंजीत चौधरी, अश्विनी राजगढ़िया, चन्द्रशेखर जोशी, विनोद भदानी, संजय झा, मनोज जोशी, विवेक कुमार, अश्विनी कुमार तिवारी, अनन्या कालरा, अनुराग हिसारिया, रानी कुमारी, रुचिका बंसल, दीपाली भदानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

एक नजर

## बोड़ाम में जीवन बीमा कार्यालय का बीडीओ ने किया उद्घाटन



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बोड़ाम माधवपुर मुख्य मार्ग के किनारे जीवन बीमा कार्यकर्ता बलराम महतो के द्वारा कार्यालय खोला गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन, थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार, जीवन बीमा शाखा प्रबंधक प्रवीर कुमार, समाजसेवी किशन लाल महतो, शक्तिपद राउत, गुरुचरण हेंब्रम, मुखिया रूपा सिंह,बलराम महतो, निर्मल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भालू के हमले में ग्रामीण घायल

**खूंटी :** कर्रा थाना क्षेत्र की कुदलुम पंचायत के ऐराहातू गांव निवासी बिढू पाहन ( 56) वर्ष पर शुक्रवार की शाम एक जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिढू पाहन शुक्रवार शाम जंगल किनारे बंधे हुए बैल को लाने के लिए गया हुआ था। तभी झाड़ी से अचानक एक विशालकाय भालू निकला और हमला कर दिया। जिससे बिढू पाहन के दोनों हाथ व कंधे में गंभीर चोट लगी। ग्रामीणों की ओर से घायल बिढू पाहन को उपचार के लिए सीएचसी कर्रा लाया गया। जहां चिकित्सक की ओर से बिढू पहान का उपचार किया गया। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

# रंका में जैव विविधता उद्यान का विधयक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गढ़वा :** गढ़वा जिले को बड़ी सौगात मिली है। रंका अनुमंडल मुख्यालय के लोहवा पुल स्थित जैव विविधता उद्यान (नक्षत्र वन) का उद्घाटन स्थानीय विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, वन संरक्षक पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, डीएफओ एबिन बेनी अब्राहम और प्रमुख लिलावती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि रंका में जैव विविधता उद्यान बनने से रंका अनुमंडल और गढ़वा जिले की सुंदरता में काफी बढ़ोतरी हुई है। लोग यहां आकर प्रकृति के बीच बैठकर जैव विविधता का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि उद्यान बनने से यह झारखंड राज्य और गढ़वा जिले की शान बन गया है। विधायक ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ से पर्यावरण को नुकसान होता है, जिससे पृथ्वी पर मानव जीवन भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि उद्यान को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सहयोग करें और पार्क के नियमों का पालन करें। दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी एबिन बेनी अब्राहम ने बताया कि उद्यान का निर्माण तीन चरणों में हुआ और अब तक लगभग 6 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जैव विविधता उद्यान का उद्देश्य आम नागरिकों और बच्चों को प्रकृति के बीच बैठकर जीवन की विविधता को समझने और आराम करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि उद्यान में औषधीय पौधे, बांस और अन्य जैविक तत्व लगाए गए हैं। साथ ही रंग-मंच, बाल वन, वन चेतना एवं विज्ञान केंद्र, संजीवनी, महुआ पोइट, लता मंडप और सनसेट पोइंट जैसे आकर्षण स्थल भी शामिल किए गए हैं। उद्यान में महान व्यक्तियों भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हु, नीलांबर-पितांबर और भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं।

संक्षिप्त खबरें

## सरकी टोला में भीषण सड़क हादसा, बाइक चालक गोवर्धन विश्कर्मा की मौके पर मौत

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के बागोडीह चौक से सारंडा रोड पर स्थित सरकी टोला के पास संत जेवियर्स स्कूल के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोवर्धन विश्कर्मा (40 वर्ष) के रूप में हुई है। वे बिरनी थाना क्षेत्र के पुरानी झरखी गांव के निवासी थे और उनके पिता का नाम जीतन विश्कर्मा बताया जा रहा है।दुर्घटना के अनुसार, गोवर्धन विश्कर्मा मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी सरकी टोला स्थित संत जेवियर्स स्कूल के निकट यह हादसा हुआ। इस भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार उनके साथी मोती विश्कर्मा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मोती को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को चिंताजनक बताया है। मृतक गोवर्धन विश्कर्मा अपने पीछे तीन छोटे बच्चों (दो लड़के और एक लड़की) को छोड़ गए हैं। परिवार में उनकी बहन की शादी चल रही थी, जिसके कारण घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन इस अचानक हादसे ने पूरे परिवार को गम में डुबो दिया है। चारों ओर शोक की लहर है और रिश्तेदार व ग्रामीण मातम मना रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सरिया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है, जिसमें तेज रफ्तार, लापरवाही या अन्य कोई वजह शामिल हो सकती है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा की कमी और सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित करती है।

# सिगरेट नहीं मिलने पर दुकान फूंकने का आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव के निराला टोला में सिगरेट नहीं देने पर दुकान में आग लगा देने की घटना में शामिल एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा है। वहीं पुलिस ने नाबालिग को निरूद्ध कर बाल सुधार गृह में भेज दिया है। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि बुधवार की देर रात में नशे में धुत्त दो युवकों ने निराला टोला के किराना दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता से फोन कर और दुकान के पास पहुंचकर सिगरेट मांगी थी। सिगरेट खत्म होने की जानकारी देने पर युवकों ने दुकान में आग लगा दी थी। इस अगलगी में दुकान में रखे शादी के सामान सहित 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गयी थी। इस संबंध में राजेश कुमार गुप्ता ने दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में निराला टोला के प्राथमिकी अभियुक्त ओम प्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं एक नाबालिग किशोर को निरूद्ध किया गया है। सदर थाना में प्रभारी लालजी ने कहा कि दुकान में आग लगाकर सामान जलाने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। घटना के आठ घंटे के अंदर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। वहीं नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सदर थाना क्षेत्र में गलत कार्य करनेवाले लोग बख्शे नहीं जायेंगे।

## कमांता डैम में डूबे युवक का शव बरामद

**खूंटी :** सदर थाना क्षेत्र के कमांता डैम में डूबे युवक का शव लगभग 24 घंटे बाद शुक्रवार को बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान अनिगड़ा गांव निवासी आकाश पूर्ति के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को आकाश पूर्ति अपने गांव के ही पांच अन्य दोस्तों के साथ कमांता डैम में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हालांकि उसके साथ मौजूद दोस्तों में से किसी ने भी उसे डूबते हुए नहीं देखा, जिससे कुछ समय तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वह अचानक कहां गायब हो गया। जब देर शाम तक आकाश घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। परिजन और ग्रामीणों ने आसपास के इलाके और रिश्तेदारों के घरों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया।


## जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग

Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 414 दिनांक– 06.03.2026

**:- आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 125 राँची, दिनांक 27.02.2026 के आलोक में झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक के आधार पर झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.01.2026 तक की अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या 03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हों, उनसे ''नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)'' हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 10.03.2026 तक कर्जन स्टेडियम अवस्थित जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग में समर्पित कर सकतें हैं। नकद पुरस्कार हेतु विहित प्रपत्र जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग एवं हजारीबाग जिले के वेबसाई– www.hazaribag.nic.in से प्राप्त कर सकतें हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 374222 Art Culture Sports and Youth Affairs (25-26)_D



## समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/आश्रम आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय/आश्रम आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा–6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु दिनांक **08.03.2026** को **बहुद्देशीय भवन, बिरसा कॉलेज, खूँटी** को परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | आयोजित परीक्षा | कक्षा जिसके लिए परीक्षा का आयोजन किया गया है | परीक्षा की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय | कक्षा–06 (षष्टम्) | 08.03.2026 | पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1.00 बजे तक | **बहुद्देशीय भवन, बिरसा कॉलेज, खूँटी** |
| 2. | आश्रम आवासीय विद्यालय/अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय | कक्षा–06, 07 एवं 08 (षष्टम्, सप्तम् एवं अष्टम्) | 08.03.2026 | अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक | |

**बहुद्देशीय भवन, बिरसा कॉलेज, खूँटी** में प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया है।

**प्रथम पाली** में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के लिए पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1.00 बजे तक परीक्षा निर्धारित है जिसके लिए पूर्वाह्न 9.30 बजे तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति होना होगा।

**द्वितीय पाली** में आश्रम आवासीय विद्यालय/अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय के लिए अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक परीक्षा निर्धारित है जिसके लिए अपराह्न 1.30 बजे तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति होना होगा।

परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्र–छात्राओं को संसूचित किया जाता है कि प्रवेश–पत्र विद्यालय से प्राप्त नहीं होने पर परीक्षा केन्द्र पर ही प्रातः 9.00 बजे अपना विद्यालय पहचान–पत्र दिखाकर प्रवेश–पत्र प्राप्त करेंगे। सभी छात्र–छात्रा अपने साथ आधार कार्ड की छायाप्रति/विद्यालय पहचान पत्र साथ में रखेंगे।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 374205 Welfare(25-26).D


# पुलिस केंद्र परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** 05.03.2026 की शाम को पुलिस केंद्र सिमडेगा परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उपयुक्त महोदया, सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक, महोदय सिमडेगा, उ्रुक्ष्छ, सिमडेगा, उ्छ्छ सिमडेगा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु0), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, एकता एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। जब समाज अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाती है उस समय पुलिस कर्तव्य स्थान पर ड्यूटी कर रही होती है। इसलिए उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिस कर्मियों को हार्दिक धन्यवाद दिया। और आह्वान किया कि आगे भी हम सब साथ मिलकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण उल्लासमय एवं रंगारंग बना रहा। अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# आदिवासी भुमिज समाज सरहुल समिति द्वारा सरहुल नृत्य का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** आदिवासी भुमिज समाज सरहुल पूजा समिति रूगड़ी, उलीडीह, हाड़ाम मतकाम बुरूटांड़ में शुक्रवार को सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पुजा स्थल में पारम्परिक वेशभूषा में नाया द्वारा पुजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी तेजु भुमिज एवं महाराज भुमिज द्वारा मारांगबुरू, ग्राम देवता ,सिंह बोंगा आदि देवताओं का आवाहन कर चेंगना,हड़ीया, सखुआ आदि से पूजा कर सुख शांति व निरोगता का कामना किया। समाज के प्रबुद्ध जनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं खुंटी जिला के जारागोड़ा आंड़की के कलाकारों ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर पुजा समिति के अध्यक्ष कमलेश भुमिज, सचिव कृष्णा भुमिज, कोषाध्यक्ष काशीनाथ भुमिज, उपाध्यक्ष प्रमेश्वर भुमिज, प्रदीप, नेपाल, बुद्धेश्वर , निरंजन भुमिज, मुखिया बिपिन सिंह मुण्डा,ग्राम प्रधान मुचीराम भुमिज, वार्ड सदस्य सुकलाल भुमिज,फटकु भुमिज आदि उपस्थित थे।

# 1,194 स्कूलों के बीच डीएवी रजरप्पा बना नंबर-1 बेस्ट स्कूल अवार्ड 2025-26 से सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चितरपुर :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल रजरप्पा परियोजना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बेस्ट स्कूल अवार्ड 2025-26 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान एडुकनेक्ट इन संस्था द्वारा रामगढ़ जिले के 1,194 विद्यालयों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को मान्यता देता है। विद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के बौद्धिक, नैतिक और सांस्कृतिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण उसे जिले में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में चुना गया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह सम्मान केवल संस्था की उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय लगातार बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में सफल रहा है। इस उपलब्धि पर डीएवी झारखंड जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉ. एस. के. शर्मा ने विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लगन और ईमानदारी ने विद्यालय को नई पहचान दिलाई है। विद्यालय परिवार ने भी इस सम्मान पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इसे अपने परिश्रम की सफलता बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी। डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल रजरप्पा परियोजना की यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे रजरप्पा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आगे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे, ताकि आने वाले समय में भी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सके।


सं0 संख्या–5/प्रशि0(शिक्षु)–01/2024

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

निदेशालय पत्रांक :– 319 दिनांक :– 06.03.2026

**Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 09.03.2026**

"Apprentices Act 1961" के तहत Regular and Contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5–15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रेन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में दिनांक 09.03.2026 को PM Apprenticeship Mela का आयोजन निम्न प्रकार किया गया है:–

| Sl No. | District Name | PMNAM Mela Center Name | Name of the State/Center co-ordinator | Designation | E mail-Id | Contact No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ranchi | ITI(Gen), Ranchi | Sri Parmanand Rajak | Chief Training Officer | adtranchi12345@gmail.com | 8409151113 |
| 2 | Hazaribagh | ITI, Hazaribagh | Sri Dev Kumar Prasad | Employment Officer | emphaz111@gmail.com | 9905110123 |
| 3 | Dhanbad | ITI, Dhanbad | Smt. Padma Kumari | District Employment Officer | sreedhanbad@gmail.com | 9123488158 |
| 4 | Bokaro | ITI, Bokaro | Sri Bam Baiju | District Employment Officer | sreebokaro@gmail.com | 9386321784 |
| 5 | Latehar | WITI, Latehar | Sri Santosh Kumar | District Employment Officer | emptexchltr@gmail.com | 9122193661 |
| 6 | Khunti | WITI, Khunti | Sri Anand Kumar | District Employment Officer | eekhunti123@gmail.com | 8092037554 |
| 7 | Chatra | ITI, Simariya (Chatra) | Sri Manu Kumar | District Employment Officer | empexchangectr@gmail.com | 8709898530 |
| 8 | Ramgarh | LWE ITI, Kaitha (Ramgarh) | Sri Dhananjay Kumar | District Employment Officer | empexchrmg@gmail.com | 7870426934 |
| 9 | Palamu | ITI, Daltonganj | Sri Neeraj Kumar | District Employment Officer | emptexchangedto@gmail.com | 9110075212 |
| 10 | Chaibasa | ITI, Chaibasa | Md. Javed Ansari | District Employment Officer | chaibasaemploymentexchange@gmail.com | 9110016700 |
| 11 | Jamshedpur | ITI, Jamshedpur | Sri Rashika Cherwa | Chief Training Officer | adtjamshedpur2017@gmail.com, itijamshedpur2008@gmail.com | 9934607097 |
| 12 | Saraikela-Kharsawan | ITI, Saraikela-Kharsawan | Sri Sahindra Kumar Sinha | Chief Training Officer | adtadityapur@gmail.com, principalitikhr@yahoo.in | 6207346096 |
| 13 | Lohardaga | ITI, Lohardaga | Smt. Neeru Kumari | District Employment Officer | emplohardaga@gmail.com | 7367958680 |
| 14 | Gumla | ITI, Gumla | Ms. Anamika Tirkey | District Employment Officer | deegumla@gmail.com | 8434875238 |
| 15 | Simdega | ITI, Simdega | Ms. Asha Maxima Lakra | District Employment Officer | distemploymentexchangesimdega@gmail.com | 7903697108 |
| 16 | Garhwa | ITI, Garhwa | Sri Pankaj Kumar Giri | District Employment Officer | employmentexchangegarhwa@gmail.com | 8340428324 |

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले, राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा–होटल/रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/कोचिंग सेन्टर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short term Skill etc./ एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एवं छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

अधिक जानकारी के लिए नोडल सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
संयुक्त निदेशक नियोजन(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण
झारखण्ड, राँची

PR 374249 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## एआई, क्वांटम और सेमी कंडक्टर्स से लेकर ऊर्जा व खनिज तक, व्यापक है भारत-कनाडा अनुबंध

भारत और कनाडा के रिश्तों में बीते कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया मुलाकात ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा और ऊर्जा दी है। भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ हुई वाताओं में जिस तरह से भविष्य की तकनीक, ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन और व्यापार विस्तार पर ठोस समझौते हुए, वे 21वीं सदी की वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका को और मजबूत करने वाले कदम हैं। यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब दुनिया तकनीकी क्रांति, ऊर्जा संक्रमण और सप्लाई चेन संकट के दौर से गुजर रही है। इसलिए भारत और कनाडा के बीच हुआ यह सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से बेहद अहम साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई यह बात कि "हमारी पहली बैठक में ही दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है," पिछले कुछ वर्षों में रिश्तों में आई ठंडक को पिघलाने की एक गंभीर कोशिश का रूप में साफ दिखाई देती है। कहना होगा कि भारत और कनाडा दोनों लोकतांत्रिक मूल्य, मानवाधिकार और बहुलतावादी समाज में विश्वास रखने वाले देश हैं। दोनों का साझा विजन "मानवता की भलाई" है। इसी साझा सोच को अब "नेक्स्ट पार्टनरशिप" यानी भविष्य की रणनीतिक साझेदारी में बदलने की कोशिश की जा रही है। साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इस दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है। भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाला पक्ष है, भविष्य की तकनीकों में सहयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत को तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज दुनिया नई तकनीकी दौड़ में शामिल है, जहां डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और चिप निर्माण ही शक्ति संतुलन तय कर रहे हैं। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच भारत के लिए यह अवसर है कि वह विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में उभरे। कनाडा इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति रखता है, जबकि भारत के पास विशाल टैलेंट पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल बाजार है। अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को जोड़ने की योजना भारत के न्यू स्पेस सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसरो की सफलताओं के बाद भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। कनाडा के साथ साझेदारी से तकनीक, फंडिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में हुआ सहयोग भारत-कनाडा संबंधों का दूसरा बड़ा स्तंभ है। हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊर्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी। "भारत-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट" का आयोजन इस साझेदारी को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मंच बनेगा। इसके साथ ही कनाडा का अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल होना, भारत की वैश्विक नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स का महत्व किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति को तय करता है।

# मध्य प्रदेश में ग्राम सभाओं से सशक्त होंगी महिलाएं

**प्रद्युम्न शर्मा**

हर वर्ष आठ मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, समानता और सम्मान के संघर्ष का प्रतीक है। यह दिन समाज को यह याद दिलाने का अवसर भी है कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। इसी सोच को व्यवहार में उतारने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार ने इस विशेष प्रसंग के अवसर पर प्रतिवर्ष प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है। इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा करना और स्थानीय स्तर पर ठोस निर्णय लेना है।

मध्यप्रदेश में पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए न्यूनतम पचास प्रतिशत पदों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायतों के पंचवर्षीय कार्यकाल में निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिशत पचास से भी अधिक, लगभग बावन प्रतिशत है। यह स्थिति दशार्ती है कि पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और वे अब केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को सार्थक और प्रभावी बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी इन्हीं महिला पंचायत प्रतिनिधियों के कंधों पर है। यदि वे सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाती हैं, तो ग्राम स्तर पर महिलाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव है।

यदि हम एक नजर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डालें तो इसका इतिहास महिलाओं के अधिकारों के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। बीसवीं सदी के प्रारंभ में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में महिला श्रमिकों ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किए थे। इन आंदोलनों का मुख्य उद्देश्य कार्य के बेहतर घंटे, उचित पारिश्रमिक और समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना था। धीरे-धीरे यह आंदोलन वैश्विक स्तर पर फैल गया और महिलाओं के अधिकारों की आवाज मजबूत होती गई। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया और उसी वर्ष आठ मार्च को आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। तब से यह दिन दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बावजूद एक महत्वपूर्ण प्रश्न अक्सर सामने आता है कि क्या महिला पंचायत प्रतिनिधि वास्तव में स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। कई स्थानों पर महिलाएं सक्रिय रूप से पंचायत के कार्यों में भाग ले रही हैं और विकास योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, किंतु कुछ जगहों पर अभी भी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है जहां महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके परिवार के पुरुष सदस्य पंचायत के निर्णय लेते हैं और कार्यों का संचालन करते हैं। इसे प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व कहा जाता है। यह स्थिति महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण में बाधा उत्पन्न करती है। इसलिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमता संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्हें योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कानूनों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना जरूरी है।

महिला सशक्तिकरण के लिए समाज की सक्रिय भूमिका भी आवश्यक है। महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना समय की मांग है। आज महिला साक्षरता पहले की तुलना में काफी आगे बढ़ी है, किंतु सिर्फ साक्षरता ही पर्याप्त नहीं। महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर और सामाजिक सम्मान मिलना भी जरूरी है। साथ ही पारंपरिक सामाजिक सोच और पुरुषों के अनावश्यक हस्तक्षेप को भी कम करना होगा, ताकि महिलाएं स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम बन सकें।

ग्राम सभाएं ग्रामीण लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाती हैं। यही वह मंच है जहां गांव के विकास से जुड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित विशेष ग्राम सभाएं महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा करने का एक प्रभावी मंच बन सकती हैं। इन सभाओं में महिला पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की समस्याओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा की जा सकती है। इससे स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने और महिलाओं के हित में ठोस निर्णय लेने का अवसर मिलता है।

इन विशेष ग्राम सभाओं को प्रेरणादायक और परिणामकारी बनाने के लिए कई सकारात्मक पहलें की जा सकती हैं। गांव में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को सम्मानित किया जा सकता है, जिससे अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा महिलाओं की आजीविका, कौशल विकास और शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की जा सकती है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान से जुड़े मुद्दों पर भी ग्राम स्तर पर महत्वपूर्ण संकल्प लिए जा सकते हैं।

ग्राम सभाओं की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि गांव की अधिक से अधिक महिलाएं इसमें भाग लें। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ग्राम सभा के आयोजन की सूचना गांव की सभी महिलाओं तक पहुंचे। महिला स्वसहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ये समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इन ग्राम सभाओं में महिलाओं को उनके अधिकारों से जुड़े कानूनों की जानकारी देना भी अत्यंत आवश्यक है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक बनाया जा सकता है। इसके साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी सशक्तिकरण मिशन और वन स्टॉप सेंटर जैसी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जा सकती है।

राज्य सरकार के निदेर्शों के अनुसार इन ग्राम सभाओं में कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इनमें बाल विवाह की रोकथाम, किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण, धात्री माताओं की देखभाल, एनीमिया से पीड़ित महिलाओं और किशोरियों के उपचार तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि सरकारी योजनाओं में महिला हितग्राहियों को प्राथमिकता मिले।

यदि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इन विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायतें महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लें और उसे व्यवहार में भी लागू करें, तब जरूर ये उम्मीद दिखाई देती है कि आने वाले समय में कई ग्राम पंचायतें ह्लमहिला हितैषी ग्राम पंचायतह्व के रूप में विकसित हो सकती हैं।

**(लेखक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक हैं)**

# आधुनिक विश्व व्यवस्था में एलीट नेटवर्क और शक्ति का विमर्श

**कैलाश चन्द्र**

आधुनिक विश्व-राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था को समझने का प्रयास करते समय यह प्रश्न बार-बार उठता है कि क्या सत्ता केवल निर्वाचित सरकारों के हाथों में होती है या उसके पीछे ऐसे प्रभाव-समूह भी सक्रिय रहते हैं जिनकी शक्ति औपचारिक संस्थाओं से कहीं अधिक व्यापक होती है। पिछले कुछ दशकों में अनेक शोधकताओं, पत्रकारों और विश्लेषकों ने इस विषय को "ग्लोबल एलीट नेटवर्क" या "पावर स्ट्रक्चर" के रूप में समझने का प्रयास किया है। इन नेटवर्कों में वित्तीय संस्थाएं, वैश्विक मंच, बहुराष्ट्रीय कंपनियां, प्रौद्योगिकी कंपनियां, दान संस्थाएं और कभी-कभी खुफिया एजेंसियों से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों का परस्पर संबंध देखने को मिलता है।

इस संदर्भ में कई संस्थाएँ और घटनाएँ चर्चा के केंद्र में रहती हैं जैसे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का दावोस सम्मेलन, बिल्डरबर्ग ग्रुप की बंद बैठकें, वैश्विक वित्तीय संस्थाएँ जैसे इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और वर्ल्ड बैंक, तथा बड़ी तकनीकी कंपनियाँ जिनका सामूहिक प्रभाव "बिग टेक" के रूप में जाना जाता है। इन संस्थाओं की भूमिका को समझने के लिए यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वैश्विक व्यवस्था केवल आर्थिक लेन-देन का तंत्र नहीं है, बल्कि यह विचारों, नीति-निर्माण और प्रभाव के बहुस्तरीय नेटवर्क से निर्मित होती है। उदाहरण के लिए, दावोस में आयोजित होने वाला वार्षिक सम्मेलन विश्व भर के राजनीतिक नेताओं, कॉरपोरेट प्रमुखों, निवेशकों और नीति विशेषज्ञों को एक मंच पर लाता है। यहां औपचारिक निर्णय नहीं लिए जाते, किंतु नीति-निर्माण की दिशा, आर्थिक प्राथमिकताएं और वैश्विक सहयोग की रूपरेखा पर चर्चा होती है।

इसी प्रकार बिल्डरबर्ग जैसी बैठकें लंबे समय से इस कारण चर्चा में रहती हैं कि वे अत्यंत सीमित और बंद प्रकृति की होती हैं, जहाँ प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच विचार-विमर्श होता है। आलोचकों का तर्क है कि ऐसे मंच वैश्विक नीति पर अप्रत्यक्ष प्रभाव डाल सकते हैं, जबकि समर्थकों का कहना है कि वे केवल संवाद और विचार-विनिमय के मंच हैं। वैश्विक वित्तीय व्यवस्था का निर्माण भी इसी प्रकार के ऐतिहासिक और संस्थागत नेटवर्क से जुड़ा है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बने ब्रेटन वुड्स ढाँचे ने अंतरराष्ट्रीय वित्त को एक नई संरचना दी। आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं का उद्देश्य वैश्विक आर्थिक स्थिरता, पुनर्निर्माण और विकास को प्रोत्साहित करना था। साथ ही, केंद्रीय बैंकों का नेटवर्क जैसे विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक मुद्रा नीति और वित्तीय स्थिरता के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है।

इतिहास में कुछ वित्तीय परिवारों, जैसे मेयर एम्शेल रोथ्सचाइल्ड के वंशजों से जुड़ा रोथ्सचाइल्ड बैंकिंग फैमिली नेटवर्क तथा जॉन डी. रॉकफेलर से जुड़ा रॉकफेलर फाउंडेशन, अंतरराष्ट्रीय वित्त और परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से लंबे समय तक प्रभावशाली रहे हैं। हालांकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं अधिक विविध और जटिल हो चुकी है, फिर भी इन ऐतिहासिक संस्थाओं की भूमिका का अध्ययन यह समझने में मदद करता है कि आधुनिक वित्तीय ढाँचा कैसे विकसित हुआ। इसी व्यापक संदर्भ में एक और विवादास्पद विषय अक्सर सामने आता है अमेरिकी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा नेटवर्क। एपस्टीन का नाम २०१९ में उसकी गिरफ्तारी और बाद में हिरासत में मृत्यु के बाद वैश्विक मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना। उसके सामाजिक संबंधों में अनेक उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, राजनेताओं और सांस्कृतिक हस्तियों के नाम सामने आए। इस कारण कई विश्लेषकों ने यह समझने का प्रयास किया कि क्या यह केवल व्यक्तिगत अपराध का मामला था, या इसके पीछे एक व्यापक प्रभाव-तंत्र भी कार्यरत था।

कुछ पत्रकारों और शोधकर्ताओं ने यह तर्क दिया कि एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक संपर्कों के माध्यम से एक ऐसा नेटवर्क बनाया जिसमें विज्ञान, मीडिया, राजनीति और दान संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल थे। हालाँकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इन दावों और सिद्धांतों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए। एपस्टीन के अपराधों के संबंध में न्यायिक जांच और मीडिया रिपोर्टों में कई तथ्य सामने आए, किंतु "डीप पावर स्ट्रक्चर" या वैश्विक खुफिया एजेंसियों से जुड़े कथित नेटवर्क के बारे में अधिकांश दावे अभी भी विवादास्पद या अपुष्ट हैं।

उदाहरण के लिए, कुछ विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया कि एपस्टीन ने "हनी ट्रैप" या ब्लैकमेल नेटवर्क के माध्यम से प्रभावशाली लोगों को नियंत्रित करने का प्रयास किया होगा। इस संदर्भ में कभी-कभी खुफिया एजेंसियों जैसे सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी या मोसाद का नाम भी चचाओं में आता है। किंतु अब तक उपलब्ध सार्वजनिक प्रमाण इन दावों को निर्णायक रूप से सिद्ध नहीं करते। इसलिए गंभीर अध्ययन में इन सिद्धांतों को "विवादास्पद परिकल्पनाएँ" या स्पेक्युलेटिव थ्योरीज के रूप में देखा जाता है, न कि स्थापित तथ्य के रूप में।

फिर भी यह तथ्य निर्विवाद है कि आधुनिक वैश्विक व्यवस्था में शक्ति केवल सरकारों तक सीमित नहीं रहती। कॉरपोरेट पूँजी, वित्तीय संस्थाएँ, प्रौद्योगिकी कंपनियाँ और वैश्विक मंच मिलकर एक जटिल प्रभाव-तंत्र बनाते हैं। उदाहरण के लिए "बिग टेक" कंपनियों ने पिछले दो दशकों में सूचना, डेटा और संचार पर इतना व्यापक नियंत्रण प्राप्त कर लिया है कि उनका प्रभाव कई देशों की नीतियों को प्रभावित कर सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म केवल आर्थिक कंपनियाँ नहीं रह गए हैं; वे सामाजिक संवाद, राजनीतिक विमर्श और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों को भी आकार देते हैं।

इसी प्रकार वैश्विक बाजार शक्तियाँ जिन्हें कभी-कभी "ग्लोबल मार्केट फोर्सेज" कहा जाता है नीति निर्माण पर अप्रत्यक्ष प्रभाव डालती हैं। जब निवेश, ऋण और पूँजी प्रवाह किसी देश की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करते हैं, तो सरकारें भी अक्सर उन कारकों को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। इस प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ, निवेश बैंक, हेज फंड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ एक व्यापक आर्थिक नेटवर्क बनाते हैं।

इन परिस्थितियों में "डीप स्टेट" या "डीप पावर स्ट्रक्चर" जैसी अवधारणाएँ भी चर्चा में आती हैं। इस सिद्धांत के अनुसार कुछ स्थायी संस्थाएँ जैसे नौकरशाही, खुफिया एजेंसियाँ, वित्तीय नेटवर्क या कॉरपोरेट समूह राजनीतिक नेतृत्व बदलने के बावजूद नीति की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। कई देशों में इस अवधारणा पर गंभीर बहस हुई है। कुछ विश्लेषकों के अनुसार यह केवल राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है, जबकि अन्य का मानना है कि आधुनिक राज्य-व्यवस्था में स्थायी संस्थागत शक्ति वास्तव में मौजूद रहती है।

यदि इन सभी पहलुओं को एक साथ देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि आधुनिक विश्व-राजनीति एक बहुस्तरीय शक्ति संरचना से निर्मित होती है। इसमें निर्वाचित सरकारें, अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ, वित्तीय नेटवर्क, कॉरपोरेट पूँजी, प्रौद्योगिकी कंपनियाँ और कभी-कभी खुफिया तंत्र तक शामिल होते हैं। एपस्टीन प्रकरण ने इस व्यापक संरचना पर ध्यान आकर्षित करने का काम किया, क्योंकि उसके सामाजिक संबंधों ने यह प्रश्न उठाया कि वैश्विक अभिजात वर्ग के नेटवर्क किस प्रकार कार्य करते हैं और वे किस हद तक पारदर्शी या जवाबदेह हैं।

फिर भी गंभीर अध्ययन का दृष्टिकोण संतुलित होना चाहिए। सभी वैश्विक संस्थाओं या नेटवर्कों को किसी एक गुप्त षड्यंत्र के रूप में देखना उतना ही गलत है जितना उनके प्रभाव को पूरी तरह नकार देना। वास्तविकता अक्सर इन दोनों के बीच कहीं स्थित होती है। वैश्विक शासन-व्यवस्था में शक्ति का वितरण जटिल है और इसमें सहयोग, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक हित और राजनीतिक रणनीति सभी एक साथ काम करते हैं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि आधुनिक विश्व व्यवस्था को समझने के लिए केवल राष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन पर्याप्त नहीं है। इसके लिए उन अंतरराष्ट्रीय मंचों, वित्तीय संस्थाओं, कॉरपोरेट नेटवर्कों और सामाजिक प्रभाव-समूहों का भी अध्ययन करना आवश्यक है जो वैश्विक स्तर पर निर्णयों को प्रभावित करते हैं। एपस्टीन विवाद, दावोस सम्मेलन, बिल्डरबर्ग बैठकें और वैश्विक वित्तीय संस्थाएँ ये सभी उस व्यापक विमर्श के विभिन्न पहलू हैं जिसे आज "ग्लोबल एलीट नेटवर्क" या "वैश्विक शक्ति संरचना" के रूप में समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह अध्ययन न केवल राजनीति और अर्थशास्त्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक पारदर्शिता, जवाबदेही और वैश्विक शासन के भविष्य को समझने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

## सूडोकु नवताल- 7726

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7725 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# नारी से नारायणी : विज्ञान भवन में 7-8 मार्च को होगा महा-मंथन

**रवि पाराशर**

दिल्ली का विज्ञान भवन, भारती-भारतीय नारी को नारायणी के स्तर तक ले जाने वाले उपायों पर 7 और 8 मार्च को महा-मंथन के लिए तैयार है। नारी से नारायणी विषय पर भारत की महिला विचारकों का सम्मेलन देश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। अपनी तरह के इस अनूठे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय विद्वत परिषद, राष्ट्र सेविका समिति और उसका संगठन शरण्या मिल कर कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सम्मेलन में विशेष अतिथि होंगी।

खास बात यह है कि भारती सम्मेलन में महिला सांसदों के विशेष पैनल के साथ-साथ देश की महिला वाइस चांसलरों का भी खास सत्र होगा। इसके अलावा देश की महिला संत भी साध्वी संगम में हिस्सा लेंगी। सम्मेलन का उद्देश्य नारी को परिवार निर्माण की मुख्य इकाई से आगे ले जाकर राष्ट्र निर्माण की इकाई तक विकसित करना है। इसके लिए दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न परिचचाओं से निकले सुझाव भारत सरकार के संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे, ताकि उनके क्रियान्वयन के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।

आयोजक संस्थाओं ने नारी से नारायणी तक की महत्वपूर्ण यात्रा के लिए 7-8 मार्च को दिल्ली में होने जा रहे मुख्य सम्मेलन से पहले देशभर में विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाया है। वहां से मिले सुझावों को मुख्य सम्मेलन में आए सुझावों के साथ रखा जाएगा। इस तरह सर्वसम्मत कार्य योजना पर काम किया जाएगा। महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य यह है कि महिलाओं को भारतीय दृष्टि से पूरे समाज के विकास की धुरी बनाया जाए।

असल में, राष्ट्र सेविका समिति वर्ष 1936 में दशहरे के दिन अपनी स्थापना के समय से ही महिलाओं के बहुआयामी उत्थान की दिशा में अग्रणी पहल कर रही है। समिति फेमिनिज्म की पश्चिमी अवधारणा को सही नहीं मानती। फेमिनिज्म या कहें, नारीवाद में पुरुषों के साथ संघर्ष कर आगे बढ़ने का भाव है, जबकि भारतीय विचार में नारियां, पुरुषों के बराबर हैं। उनमें कोई संघर्ष नहीं है। समिति का कहना है कि भारतीय नारियों के माध्यम से पूरे समाज के विकास के लिए काम करती है। सिर्फ महिलाओं के उत्थान तक उसका कार्यक्षेत्र सीमित नहीं है बल्कि वह राष्ट्र के बहुआयामी उत्थान की पक्षधर है। यही अंतर राष्ट्र सेविका समिति को दूसरे नारी अधिकारवादी संगठनों से अलग करता है।

भारती- नारी से नारायणी राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में आठ मुख्य थीमों पर चर्चा की जाएगी। ये थीम हैं- विद्या, शक्ति, मुक्ति, चेतना, प्रकृति, संस्कृति, सिद्धि और कृति। विद्या के तहत महिलाओं की उच्च शिक्षा पर बात की जाएगी। बच्चियों की ड्रॉपआउट की समस्या, उनके लिए खास पाठ्यक्रम तैयार करने और सेल्फ डिफेंस को भी अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के विषय पर गहन चर्चा होगी।

इसी तरह शक्ति थीम के तहत महिलाओं के आत्म-परिचय, आत्मबोध से जुड़े तत्वों पर विचार किया जाएगा। महिलाएं आत्मनिर्भर कैसे बनें, उनमें वित्तीय साक्षरता का विकास कैसे हो और स्किल एजुकेशन उन्हें प्रभावी रूप से कैसे दी जाए, इन विषयों पर चर्चा होगी। मुक्ति थीम के अंतर्गत उन उपायों पर चर्चा की जाएगी, जिन्हें अपनाकर आम भारतीय महिलाएं आज तक चली आ रही रूढ़ियों की सीढ़ियां उतर कर उनसे बाहर सही मार्ग पर चलने लायक बन सकें, घरेलू हिंसा से मुक्त वातावरण में खुल कर जीने की स्वतंत्रता हासिल कर पाएं।


चेतना थीम के अंतर्गत महिलाओं को कार्यक्षेत्र में नीतियों और निर्णयों में बराबर की भागीदारी के लिए सक्षम बनाने के उपायों पर गहन-गंभीर चर्चा की जाएगी। प्रकृति थीम के तहत महिलाओं की शारीरिक और मानसिक प्रकृति से जुड़े मसले उनके उत्थान में बाधक न बनें, इसके लिए उपायों पर खास चर्चा की जाएगी। महिला श्रमिकों के लिए किस तरह के इंतजाम कार्य स्थलों पर अनिवार्य रूप से होने चाहिए, इस पर विचार किया जाएगा। कामकाजी महिलाएं पीरियड, मातृत्व, शिशु-पालन और मीनोपॉज जैसी स्थितियों से भी सम्मान के साथ जीवन-यापन कर सकें, इन विषयों पर भी चर्चा कर सुझाव सरकार को सौंपे जाएंगे।

सिद्धि थीम के अंतर्गत सफल महिलाओं की वास्तविक कहानियों पर चर्चा होगी। कृति थीम के तहत इस बात की चर्चा की जाएगी कि महिलाओं में नारी से नारायणी तक की यात्रा में सकारात्मक परिवर्तन लाने की कार्य-योजना किस तरह लागू की जाए। सम्मेलन में शिक्षा, कला, संस्कृति, समाज सेवा, राजनीति, प्रशासन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा, चिकित्सा, उद्योग, उद्यमिता, वित्त, न्यायपालिका, अध्यात्म, खेल, पत्रतारिता, मीडिया, साहित्य और दूसरे सभी क्षेत्रों में काम कर रही महिलाएं शामिल हो रही हैं।

इसलिए उम्मीद यही है कि दो दिन का महिला विचारकों का भारती-नारी से नारायणी राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र सरकार को महिलाओं के उत्थान से जुड़े बहुआयामी सकारात्मक सुझाव देने में सफल सिद्ध होगा। सम्मेलन सफल अवश्य होगा क्योंकि इसके आयोजकों में भारत में 90 वर्षों से काम कर रहा राष्ट्र सेविका समिति भी शामिल है। समिति को प्रचार से दूर रहते हुए देश में महिलाओं के विकास के लिए हरसंभव कार्य करने का अच्छा अनुभव है। सबसे अच्छी बात यह है कि राष्ट्र सेविका समिति के विचार विशुद्ध भारतीयता से जुड़े हैं।

## दैनिक पंचांग

**7 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.44 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.14 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.54 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.52 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.06 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.22 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.34 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.45 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.59 ब.से |
| | | धनु | 01.15 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मकर | 03.20 बजे से |
| | | कुंभ | 05.07 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 66 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 19.18 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 11.16 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 06.53 बजे को समाप्त।
**करण** बव 06.32 बजे तदनन्तर बालव 19.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872641
**जूलियन दिन** 2461106.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## कांशीराम की जयंती 15 को मनाएगी बसपा

**पलामू :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की पलामू जोन की बैठक शुक्रवार को परिषद भवन डालटनगंज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार गुप्ता ने की। बैठक में 15 मार्च को बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन बजराहा स्थित रमाबाई अस्पताल मैदान में करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में नेताओं ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनकी जयंती को सामाजिक जागरूकता और संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ मनाया जाएगा। बसपा पलामू के पूर्व जिला अध्यक्ष और हुसैनाबाद नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार भारती को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार उपस्थित थे। इसके अलावा प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह, पूर्व विधायक हुसैनाबाद शिवपूजन मेहता, पूर्व प्रदेश महासचिव शेर अली, गढ़वा जिला अध्यक्ष नंदा पासवान, पलामू जोन प्रभारी चंद्रशेखर दास, हुसैनाबाद नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार सोनी सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाइक की दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत भालकी इलाके के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में जा रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक संख्या जेएच 05 डीएल 1211 भालकी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए धालभूमगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल दोनों युवक धालभूमगढ़ क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हालांकि उनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद गुड़ाबांदा पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों युवक कहां से आ रहे थे और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## एक दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कोचों गांव में मंगलवार के दिन एकदिवसीय हरि नाम संकीर्तन का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया।भजनामृत कार्यक्रम में बिंदीटांड़, महुलडीह,बेंगो एवं खेरडीह की टीमों ने मुख्य भूमिका निभाया। हरि नाम संकीर्तन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि राम नाम का जाप मात्र से ही मानव जीवन सफल हो जाता है। ईश्वर का नाम लेना इस कलयुग में काफी है और सच्चा हृदय से हरि नाम का सुमिरन से मानव जीवन का कल्याण संभव है। हरिनाम का भजन सुनने व करने से मनुष्य का जीवन आनंदमय व सुखमय हो जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति का रसपान किया।

# पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** कदमा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना में लिप्त तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की गई तीन एक्साइड पावर सेफ कंपनी की बैट्री भी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शुक्रवार को कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि 04 मई 2025 को भाटिया बस्ती स्थित विवेकानंद रोड निवासी लालू कुमार के घर के आंगन से रखे सामान की चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पीड़िता ने कदमा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर कदमा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने मामले की जांच करते हुए तकनीकी और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर विवेकानंद भाटिया बस्ती और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपित यीशु मुखी उर्फ इशु मुखी उर्फ डेफनेट मुखी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अजय रजक के घर और संजय इलेक्ट्रॉनिक्स से चोरी की गई तीन बैट्री बरामद कर लीं। इसके बाद मामले में शामिल अन्य दो आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान यीशु मुखी उर्फ इशु मुखी उर्फ डेफनेट मुखी (20), अजय रजक (25) और अमन साहू (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपित पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इन लोगों ने 05 मार्च 2026 को शास्त्री नगर ब्लॉक-03 निवासी सुभाष बोस से मारपीट की थी। पुलिस अब आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वे अन्य घटनाओं में भी शामिल रहे हैं या नहीं। छापेमारी अभियान में कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा के अलावा पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार रवि, मंटू कुमार, भोला राणा, तसव्वुर हुसैन, गंदिरा उरांव, सुंदर राम, राहुल कुमार तिवारी और वरुण दत्ता शामिल थे।

## नशीले पर्दाथों की तस्करी रोकने को सरकार सख्त, मानस पोर्टल और हेल्पलाइन 1933 जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य में नशे की तस्करी, अवैध व्यापार और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए झारखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर अब राज्य और जिला स्तर पर आयोजित होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रमों में मानस पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि आम लोगों को इसकी जानकारी मिल सके और वे आसानी से नशे से जुड़ी गतिविधियों की सूचना दे सकें। सरकार के अनुसार नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और दुरुपयोग की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने और उनसे गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा मानस (मादक पदार्थ निगरानी एवं सूचना प्रणाली) पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल का पता "https://ncbmanas.gov.in है। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1933 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दे सकता है।इस व्यवस्था की खास बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। प्राप्त सूचना को संबंधित राज्य की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाती है। इससे नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में काफी मदद मिल रही है। सरकार का मानना है कि यदि आम लोग इस व्यवस्था का सक्रिय रूप से उपयोग करें तो राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और इसके दुरुपयोग को काफी हद तक रोका जा सकता है। साथ ही नशे की लत से जूझ रहे लोगों को भी उचित सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने सभी विभागों और जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यक्रमों, सभाओं और जनसमागमों में पोस्टर, बैनर और अन्य माध्यमों से मानस पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए।जिला प्रशासन ने भी आम नागरिकों से अपील की है कि वे समाज को नशामुक्त बनाने के इस अभियान में भागीदारी निभाएं। यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत ह्यमानसह्न पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और समाज को नशे के जाल से बचाया जा सके।

## विकास के पथ पर आगे बढ़ रही पश्चिम बंगाल की जनता : फुरकान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जामताडा :** कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा स्थिति और राजनीतिक माहौल पर कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इस संबंध में शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि राज्य के विकास को गति देने के लिए विशेष योजनाओं और आर्थिक सहयोग जैसे कदमों पर भी विचार किया जाना चाहिए। आनेवाले समय में जनता विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि विभिन्न दलों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की समस्या और चुनौतियों पर चर्चा करते समय संतुलित और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। फुरकान ने कहा कि राज्यों के विकास और वहां की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि किसी राज्य में चुनौतियां हैं तो उनका समाधान संवाद और विकासात्मक योजनाओं के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वय से ही जनता की अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकता है।

## एक्सएलआरआइ में ब्लेंडेड पीजीडीएम पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** एक्सएलआरआई (जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट), जमशेदपुर ने कार्यरत पेशेवरों के लिए वर्ष 2026-28 सत्र के ब्लेंडेड पीजीडीएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान की ओर से व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन और वित्त के तीन अलग-अलग ब्लेंडेड पीजीडीएम पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों को विशेष रूप से उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो नौकरी करते हुए उच्चस्तरीय प्रबंधन शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। शुक्रवार को संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह पाठ्यक्रम दो वर्ष की अवधि का होगा, जिसमें कुल छह सत्र होंगे। पढ़ाई का स्वरूप प्रत्यक्ष ऑनलाइन कक्षाओं और परिसर अनुभव मॉड्यूल के मिश्रण के रूप में रहेगा। कक्षाएं सप्ताह के कार्यदिवसों की शाम तथा सप्ताहांत में आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा पूरे पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को चार बार एक-एक सप्ताह के लिए जमशेदपुर स्थित संस्थान परिसर में अध्ययन और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। पहला परिसर अनुभव कार्यक्रम 20 से 25 जुलाई के बीच आयोजित किया जाएगा।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में 50 साल पुरानी दुकानों पर चला बुलडोजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील और जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी (जेएनएसी) के संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को टेल्को के मनीफीट इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 50 वर्ष पहले बनी 15 दुकानों को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान जिला प्रशासन, टाटा स्टील और जेएनएसी की टीम बड़ी संख्या में मौजूद रही। बताया जाता है कि इन दुकानों को लेकर मामला लंबे समय से न्यायालय में चल रहा था। हाल ही में न्यायालय ने इस मामले में टाटा स्टील के पक्ष में फैसला सुनाया। फैसले के बाद संबंधित दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए नोटिस भी जारी किया गया था। हालांकि नोटिस मिलने के बावजूद दुकानदारों ने समय पर दुकान खाली नहीं किया। इसके बाद शुक्रवार को प्रशासन और टाटा स्टील की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। जैसे ही बुलडोजर से दुकानों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई, कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध भी किया और प्रशासन से मोहलत देने की मांग की। लेकिन न्यायालय के आदेश के कारण अधिकारियों ने अभियान जारी रखा और एक-एक कर सभी दुकानों को जमींदोज कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार शहर के सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टाटा स्टील की ओर से न्यायालय में आवेदन दिया गया था। इसे लेकर ही अदालत का आदेश मिलने के बाद यह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के बाद पूरे इलाके को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया।

# निमार्णाधीन जगन्नाथ मंदिर का द्वारिका पीठ के शंकराचार्य ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मनोहरपुर स्थित मुनि आश्रम में निमार्णाधीन भगवान जगन्नाथ मंदिर का शुक्रवार को द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का विस्तृत जायजा लेते हुए निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को जरूरी निर्देश दिया और मंदिर को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में तैयार करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का यह मंदिर क्षेत्र में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारंपरिक वास्तुकला का विशेष ध्यान रखने की बात कही, ताकि आने वाले समय में यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो सके। मंदिर का निर्माण आध्यात्मिक उत्थान मंडल की देखरेख में किया जा रहा है। निमार्णाधीन मंदिर करीब 1900 वर्ग फीट क्षेत्रफल में तैयार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंदिर की वास्तुकला दक्षिण भारतीय शैली में विकसित की जा रही है, जिससे इसकी बनावट और संरचना विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। शंकराचार्य ने मंदिर परिसर के साथ-साथ मंदिर तक जाने वाली सड़क का भी निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर तक आने-जाने का मार्ग सुगम और व्यवस्थित होना चाहिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुनि आश्रम पहुंचे और शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान चरण पादुका की विधिवत पूजा-अर्चना भी की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। मौके पर आश्रम प्रभारी ब्रह्मचारी विश्वानंद, शिव प्रताप सिंहदेव, इंद्रजीत मलिक सहित कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर निर्माण से जुड़े लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे जल्द ही पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त, किशोर की मौत

**खूंटी :** खूंटी-कोलेबिरा स्टेट हाईवे-3 पर मरचा मोड़ के समीप घुमावदार सड़क पर गुरुवार देर रात लगभग 11. 30 बजे हुए सड़क हादसे में किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात की तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक लगभग 20 फीट दूर जाकर झाड़ियों में जा घुसी। इस हादसे में बाइक चला रहे तोरपा थाना क्षेत्र के टाटी नया टोली गांव निवासी 17 वर्षीय रोशन बागे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार गुफु गांव निवासी 16 वर्षीय अमन गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तोरपा भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने रोशन बागे को मृत घोषित कर दिया। घायल अमन गुड़िया ने बताया कि दोनों बाइक से पोकला की ओर जा रहे थे, तभी मरचा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर साइन बोर्ड से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद इस परिजनों में सौंप दिया।

## भुरकुंडा बाजार हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को कलश जलयात्रा के साथ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर महायज्ञ की शुरूआत की गई। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान मुख्य आचार्य नरेश मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा और अनुष्ठान संपन्न कराया। यज्ञ में यजमान के रूप में जय प्रकाश साहु और रेणु देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर से भव्य कलश जलयात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा मंदिर से निकलकर जवाहर नगर होते हुए नलकारी नदी के तट तक पहुंची। वहां से श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप तक यात्रा पूरी की। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन और वेदी निर्माण की विधि विधिवत संपन्न कराई गई। संध्या काल में आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। अनुष्ठान के दूसरे दिन 7 मार्च को विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा के साथ हनुमान प्रतिमा का अन्न अधिवास, फल अधिवास और पुष्प अधिवास कराया जाएगा। इसके अलावा हनुमान स्तोत्र, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी आयोजित होगा। संध्या आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। तीसरे और अंतिम दिन 8 मार्च को मंदिर के शिखर स्नान के साथ मुख्य कार्यक्रम हनुमंत लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पूरे धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में आचार्य नरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उपाचार्य पंकज शास्त्री, सच्चिदानंद पांडेय, कन्हैया मिश्रा, ब्रह्मदेव मिश्रा, धीरज मिश्रा और पुरुषोत्तम उपाध्याय सहित कई विद्वान पंडितों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को लेकर भुरकुंडा क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

## शराब पीने के दौरान हुई चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम : उलीडीह थाना पुलिस ने चाकू मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की राजू सिंह (32) के रूप में हुई है। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी मो शारीक अली ने बताया कि शंकोसाई रोड नंबर-5 स्थित टावर मैदान में राजू सिंह ने राजा बनर्जी पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में राजा बनर्जी के पेट और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद घायल राजा बनर्जी के भाई सौरभ बनर्जी ने उलीडीह थाना में आरोपित के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात आरोपित राजू सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित की निशानदेही पर स्वर्णरेखा नदी के लक्ष्मण नगर स्थित छोटा घाट से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, घटना के समय चार दोस्त आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राजा बनर्जी और राजू सिंह के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बीच गुस्से में आकर राजू सिंह ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपित राजू सिंह तीन मार्च को ही जेल से छूटकर बाहर आया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वह फिर से आपराधिक घटना में शामिल हो गया। फिलहाल पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम :** उलीडीह थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 2.07 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 से 40 हजार रुपये बतायी जा रही है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 27 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया गया है। शुक्रवार को उलीडीह थाना प्रभारी मो शारीक अली ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्वर्णरेखा प्रोजेक्ट के खंडहरनुमा मकान में कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर पटमदा डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम स्वर्णरेखा प्रोजेक्ट परिसर पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पकड़े गए युवक की पहचान मानगो थाना क्षेत्र के पानी टंकी निवासी उदय महतो (19) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 27 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एक नजर

## ट्रेन की चपेट में आने से नीमगाछी गांव के एक अधेड़ की हुई मौत

**साहिबगंज:** मालदा रेल मंडल अंतर्गत धमधमिया रेलवे स्टेशन के करीब शुक्रवार कि सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक 61 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ड्यूटी पर तैनात ट्रैक मैन अपनी ड्यूटी करते हुए धमधामिया स्टेशन जा रहा था तभी देखा कि अप लाइन में पोल संख्या 188/30 के पास एक शव पड़ा हुआ है जिसकी सूचना धमधामिया स्टेशन को दिया। इसके बाद इसकी सूचना बरहरवा रेल थाना को दिया गया। सूचना के बाद थाना के एएसआई पी राज दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लिया और उसका पंचनामा किया। जहाँ उसकी पहचान तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के निमगाछी गांव निवासी मधु साहा उम्र 61 वर्ष के रूप में कई गयी। वही पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है। वही आसपास के लोगों का कहना था कि मृतक का काफी दिनों से दिमागी हालात ठीक नही था। वही इस संदर्भ में बरहरवा जीआरपी रेल थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच किया जा रहा है।

## जैक की नवमी बोर्ड की परीक्षा शुरू

**साहिबगंज:** बोरियो प्रखंड में जैक की नौवीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार को बोरियो राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय बालक, प्लस टू आरके हाई स्कूल एवं शिबू सोरेन इंटर कॉलेज में शुरू हुई। प्रथम दिन प्रथम पाली में हिन्दी एवं अंग्रेजी एवं द्वितीय पाली में गणित एवं विज्ञान की परीक्षा हुई। जानकारी के अनुसार राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय बालक में 271 में 270 एवं प्लस टू आरके हाईस्कूल में 672 में 667 परीक्षार्थियों ने नवम बोर्ड की परीक्षा दी। परीक्षा का समापन शनिवार को होगा। मौके पर प्लस टू आरके हाई स्कूल के केन्द्राधीक्षक संजीव कुमार, बालक बोरियो के केन्द्राधीक्षक, वीक्षक संतोष कुमार, चन्द्रदेव साह, मुकेश कुमार, जेम्स मुर्मू, रंजीत टुडू, मेरी मरांडी आदि मौजूद थे।

## सीआरपीएफ के 87 वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**पूर्वी सिंहभूम:** सीआरपीएफ के 87 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा और समर्पण की भावना को आगे बढ़ाते हुए ग्रुप केंद्र जमशेदपुर की ओर से शुक्रवार को ग्रुप केंद्र अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन ग्रुप केंद्र जमशेदपुर के डीआईजी रमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डीआईजी मेडिकल डॉ उर्मिला गारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मौके पर डीआईजी ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो कई लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सीआरपीएफ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती है और बल के जवान सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक और मानवीय कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रही है। रक्तदान शिविर के साथ-साथ अन्नपूर्णा डेंटल क्लिनिक के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय लोग और सीआरपीएफ के परिवारों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने भी सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रमों से सुरक्षा बलों और आम नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना और मजबूत होती है।

# नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा के लिए चाईबासा पहुंचे सीआरपीएफ डीजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को और तेज करने के उद्देश्य से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह शुक्रवार को चाईबासा पहुंचे। चाईबासा स्थित समाहरणालय में उन्होंने राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर नक्सल विरोधी अभियानों की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ सारंडा और कोल्हान के घने जंगलों में सक्रिय नक्सली संगठनों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही हाल के दिनों में हुई मुठभेड़ों, बरामद



आईईडी और सुरक्षा बलों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सीआरपीएफ डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए और खुफिया तंत्र को और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सशक्त सूचना तंत्र बेहद आवश्यक है। समीक्षा बैठक में झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती, ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद बढ़ाने और नक्सलियों के खिलाफ ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति को सख्ती से लागू करने पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नक्सलियों की आपूर्ति व्यवस्था और उनके सहयोगी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और नक्सलियों को अलग-थलग करने की रणनीति अपनाने पर भी जोर दिया गया। वर्तमान में कोल्हान और सारंडा वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की ओर से सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। लगातार हो रही कार्रवाई के बीच सीआरपीएफ डीजी के इस दौरे को आने वाले दिनों में नक्सलियों के खिलाफ और बड़े अभियान की तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है। सीआरपीएफ डीजी का यह दौरा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 40 दिनों के भीतर यह उनका दूसरा चाईबासा दौरा है। इससे पहले वे 19 जनवरी को भी यहां पहुंचे थे। कम समय के अंतराल में उनका दोबारा दौरा इस बात का संकेत माना जा रहा है कि सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान को निर्णायक चरण में ले जाने की तैयारी की जा रही है।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में यूजी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा आयोजित यूजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का शुभारंभ आज मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ। परीक्षा के पहले दिन ही बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रथम पाली में कुल 385 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में 472 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल सामग्री, मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि परीक्षा



को कदाचारमुक्त और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना ही महाविद्यालय की प्राथमिकता है। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि सभी छात्र-छात्राएं नियमों का पालन करते हुए ईमानदारी के साथ परीक्षा दें, ताकि परीक्षा की गरिमा बनी रहे। उन्होंने परीक्षा संचालन में लगे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। मौके पर डॉ रमजान अली, डॉ अमित कुमार, डॉ शैलेश कुमार, मेरी मुर्मू, सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्टेशन पर चला रेलवन ऐप जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पूर्वी रेलवे में 6 से 12 मार्च 2026 तक चल रहे रेलवन ऐप जागरूकता अभियान के तहत, मालदा डिवीजन ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच रेलवन ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, मालदा के वरिष्ठ संभागीय वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह और सहायक वाणिज्य प्रबंधक रसराज माजी ने यात्रियों से बातचीत की और उन्हें रेलवन ऐप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऐप की महत्वपूर्ण विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जो रेलवे सेवाओं के लिए एक सर्वांगीण डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। यात्रियों को रेलवन ऐप पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई, जैसे कि




टिकट बुकिंग, वास्तविक समय में ट्रेनों की जानकारी, पीएनआर स्टेटस की जांच, कोच की स्थिति देखना, प्लेटफॉर्म टिकट खरीदना और रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त करना। यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव के लिए एप्लिकेशन डाउनलोड करने और उसका उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। डिजिटल रेलवे सेवाओं को बढ़ावा देने और रेलवन ऐप के बारे में यात्रियों की जागरूकता बढ़ाने के लिए मालदा, भागलपुर और जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### जिले में 9वीं बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न

## उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 9वीं बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु उपायुक्त मनीष कुमार ने महिला कॉलेज, पाकुड़ परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया तथा सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने वीक्षक को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों से संवाद कर उनका



उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें निर्भीक एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान परिषद द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सजगता, सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ करने को कहा गया। जिले में आयोजित परीक्षा में कुल 9209 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 9160 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 49 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा का संचालन जिला प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।

## अफवाह से पेट्रोल पंपों पर भीड़, साहिबगंज में तेल भराने के लिए लगी लंबी कतारें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर सहित प्रखंड क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों में बीते गुरुवार से अपने-अपने वाहनों में तेल भरने के लिए लंबे-लंबे कतारें देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार इजराइल और ईरान के बीच हो रहे युद्ध के चलते लोगों के बीच एक अफवाह फैल गई है कि अब भारत में बहुत कम तेल स्टॉक है। जिसके कारण शहर के भारतीय पेट्रोल पंप, जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप, गंगानहर पेट्रोल पंप, संकट मोचन पेट्रोल पंप, मंडई, लखीपुर पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी कतारे देखी जा रही है। लखीपुर पेट्रोल पंप में गुरुवार को दोपहर के बाद से ही तेल खत्म हो गया है। जय गौरी शंकर पेट्रोल पंप में शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे के बाद ही पेट्रोल, डीजल खत्म हो गया। संकट मोचन पेट्रोल पंप में लोग तेल ले रहे हैं। वहां भी सीमित स्टॉक बचा है। अन्य पेट्रोल पंपों में या तो तेल खत्म हो गया है या सीमित तेल बचा हुआ है।

# चैत्र नवरात्र को लेकर नीलकोठी चैती दुर्गा मंदिर में बैठक, नई आयोजन समिति का गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी चैत्र नवरात्र पर्व को भव्य और सफल बनाने के उद्देश्य से राजमहल प्रखंड अंतर्गत नीलकोठी स्थित चैती दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने भाग लिया और आने वाले नवरात्र पर्व की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पुरानी समिति को भंग करते हुए नई आयोजन समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में नीरज घोष को अध्यक्ष, उत्तम पांडे को उपाध्यक्ष, अनीता बसाक को सचिव, रितेश कुमार साह को उपसचिव तथा विकास शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में



सूरज घोष, सन्नी साहा, गौरव गुप्ता, प्रिंस साहा, आदित्य दत्ता, अभी यादव, राहुल कुमार, मुकेश दास, सौरभ गुप्ता, मोना साहा, शुभम साहा, अमित साहा, संजय साहा, चंदू राय, जितेंद्र महलदार, सुमीत यादव, मणिकांत प्रमाणिक, राज पोद्दार, रवि साहा, मीना घोष, करण साहा, मनोज कुमार साहा, विष्णु साहा, दिलीप डोली, अमर डोली, पंकज राय व अन्य को शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में इस वर्ष चैत्र नवरात्र का आयोजन और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और श्रद्धापूर्ण तरीके से संपन्न होगा। बैठक के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई, आकर्षक सजावट, विधि-विधान से पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं की सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा। पूरे नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

संक्षिप्त खबरें

## पाकुड़ में 7 मार्च को आयोजित होगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला



**पाकुड़:** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, पाकुड़ द्वारा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 07 मार्च 2026 को प्रात: 10:30 बजे से बाजार समिति मैदान, गोकुलपुर, पाकुड़ में आयोजित होगा। रोजगार मेला विभिन्न शैक्षणिक और तकनीकी योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक, बी.एड., एमबीए व अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थियों के लिए अनेक कंपनियाँ मौके पर ही चयन की प्रक्रिया पूरी करेंगी। कंपनियों द्वारा शिक्षक, प्रशिक्षक, मशीन ऑपरेटर, तकनीशियन, फिटर, कुक, ड्राइवर,इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, मेकेनिकल, कॉल सेंटर, सेल्स एग्जिक्यूटिव, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, टेली-सेल्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर नियोजन किया जाएगा। मेला पूर्णत: नि:शुल्क है। अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा, नियोजनालय पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं स्थानीय निवास प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इच्छुक उम्मीदवार jharniyojan.jharkhand.gov.in एंव www.ncs.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं। वहीं उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले के युवाओं से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में शामिल होकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएँ। यह रोजगार मेला युवाओं को उद्योगों से जोड़ने तथा आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में जिला प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है।

## राजमहल विधायक ने कराया रोजा इफ्तार देर शाम हजारों क्षेत्रवासी हुए शामिल



**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने मटियाल स्थित इंडोर आउटडोर स्टेडियम में देर शाम एक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, मौजूद रहे। हजारों क्षेत्रवासी शामिल हुए और सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इफ्तार में खजूर, फल, पकौड़े और शरबत सहित कई पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। यह आयोजन रमजान के पवित्र महीने के दौरान सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।इस अवसर पर राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि रमजान धैर्य और त्याग का महीना है। यह हमें एक-दूसरे की मदद करने और समाज में शांति व एकता बनाए रखने की सीख देता है। सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि त्योहार हमें जोड़ने का काम करते हैं और इनका उद्देश्य समाज को एकता के सूत्र में बांधना है। सांसद ने इन त्योहारों की मान्यताएं धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आज इस दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में मुस्लिम और हिंदू समाज का एक साथ शामिल होना इस बात का प्रतीक है कि हमारा देश प्रेम और सद्भाव के खूबसूरत धागे में बंधा हुआ है।राजमहल क्षेत्र के लोगों ने इस आयोजन को सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में सभी धर्मों की उपस्थिति ने सामाजिक एकता का मजबूत संदेश दिया।मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष केताबुदीन शेख, सीओ मो यूसुफ, पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, नगर पंचायत प्रशासक सह सीडीपीओ दानिश हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

## तालझारी-महाराजपुर मुख्य मार्ग कालाझोर के पास टोटो हुआ दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग घायल



**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मखनी निवासी चंदन उरांव और उसका साथी सनी उरांव अपने टोटो में चावल की बोरी लेकर तालझारी होते हुए कल्याणचक जा रहे थे की घुमावदार मोड़ कालाझोर के पास टोटो अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे खेत में पलट गई, जिससे चंदन उराव गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं सनी उराव को भी हल्कि चोट लगी है। उसी रास्ते तालझारी थाना अंतर्गत बिशनपुर निवासी मसीरूद्दीन अंसारी उर्फ मिट्ठू टोटो चालक आ रहा था, गंभीर स्थिति को देखते हुए मिट्ठू के द्वारा घटना की सूचना सड़क सेफ्टी योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा को दी गई। बाबा के द्वारा मिट्ठू को उचित सलाह देते हुए दोनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी लेकर जाने को कहा गया। इधर घटना की सूचना बाबा के द्वारा तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडे को भी दी गई। टोटो चालक मिट्ठू के द्वारा बताया गया कि घटना के तुरंत बाद बाबा से उचित सलाह लेते हुए मेरे द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी लाया गया और उसके परिजनों को सूचना दी गई प्राथमिक उपचार के बाद चंदन उरांव को बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरण किया गया। वहीं सनी उरांव खतरे से बाहर है।

## डायल 100 की सूचना पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, 10 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर थाना को डायल 100 के माध्यम से एक 10 वर्षीय बच्ची की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना पुलिस हरकत में आ गई। पेट्रोलिंग पार्टी एवं थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के क्षेत्रों में सघन खोजबीन शुरू की। पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते कुछ ही समय में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद बच्ची की पहचान हफीजा खातून (उम्र करीब 10 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पिता सिराजुद्दीन मोमिन एवं माता सोनमन बीवी, ग्राम मोहनपुर, थाना हिरणपुर, जिला पाकुड़ की निवासी है। पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। बच्ची के सुरक्षित मिलने से परिजनों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने हिरणपुर पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल की सराहना की।

# भाजपा-जदयू में तनाव के बीच नीतीश ने सांसदों-विधायकों को बुलाया; इधर, नई सरकार का खाका आ रहा सामने



**पटना (एजेंसी)।** राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज हो गई है। जदयू और भाजपा कोटे से कितने कितने मंत्री बनेंगे? सामाजिक समीकरण का कितना ख्याल रखा जाएगा। किस पार्टी का डिप्टी सीएम और किसका सीएम होगा? किन नामों की चर्चा चल रही है? आइये जानते हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा उम्मीदवार बनने पर सियासी घमासान जारी है। भारतीय जनता पार्टी का जनता दल यूनाईटेड के कार्यकर्ता पिछले 36 घंटे से विरोध कर रहे हैं। इस कारण जदयू और भाजपा के बीच तनाव बढ़ गया है। जदयू नेताओं का आरोप है कि भाजपा ने जनादेश का अपमान किया है। आज तो पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर कालिख तक पोत दी। इन सब के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों और सांसदों की बैठक बुलाई है। सबको शाम पांच बजे सीएम हाउस आने का निर्देश दिया गया था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बैठक करेंगे। इधर, नई सरकार का खाका भी तैयार हो गया है। सूत्रों की मानें तो रामनवमी तक सारी तस्वीर साफ हो जाएगी। पॉलिटिकल एक्सपर्ट बता रहे हैं कि सीएम नीतीश कुमार और गृह मंत्री अमित शाह के बीच मीटिंग के दौरान लगभग सारी बातें क्लियर हो चुकी है। कुछ बातों पर दोनों ओर से सहमति नहीं बन पाई है, उसके लिए बातचीत जारी है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और गृह मंत्री अमित शाह एक ही विमान से दिल्ली गए थे। इस दौरान कुछ चीजों को अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है। भाजपा और जदयू के मंत्रियों की संख्या बराबर होने की चर्चा बुधवार को भाजपा और जदयू के अलाकमान के बीच जो बातें हुई उससे एक बात छनकर सामने आई है कि दोनों दलों के मंत्रियों की संख्या समान होगी। 89 सीटें लाकर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते मुख्यमंत्री भाजपा का होगा। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता अपने पास दो डिप्टी सीएम और गृह विभाग रखना चाहते हैं। कई वर्षों तक सीएम नीतीश कुमार ने अपने पास गृह विभाग रखा था सूत्र बता रहे हैं डिप्टी सीएम के लिए निशांत कुमार का नाम सबसे पहले नंबर पर है। इसके बाद विजय चौधरी का नाम सामने आ रहा है। विजय चौधरी सीएम नीतीश कुमार के सबसे करीबी नेताओं में से एक हैं। पार्टी में इन दोनों के नाम पर किसी को ऐतराज भी नहीं है। हालांकि, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ें, ऐसा निशांत कुमार नहीं चाह रहे थे। लेकिन, जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें मना लिया। चिराग, उपेंद्र और मांझी के पार्टी से कितने मंत्री बनेंगे 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद जो सरकार बनी उसमें 26 मंत्रियों ने शपथ लिया था। उसमें भाजपा से 14 , जदयू से 8, लोजपा (राम) से दो, हम और रालोमो से एक-एक मंत्री शामिल थे। सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन के बाद अब जो खाका तैयार किया गया है उसमें मंत्रियों की संख्या 33 तक जा सकती है। इसमें जदयू और भाजपा के 14-14 बराबर मंत्री रहेंगे। वहीं चिराग की पार्टी से तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं जबकि उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी से पहले जैसे ही एक-एक मंत्री रहने की बात सामने आ रही है। विधानसभा अध्यक्ष पद किसके पास जाएगा? विधानसभा अध्यक्ष पद जदयू के कुछ नेता अपने पाले में चाह रहे हैं लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देना चाहती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो प्रेम कुमार अध्यक्ष के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करेंगे, ऐसा आश्वासन उन्हें पहले ही दिया जा चुका है। इस सूरत में भाजपा विधानसभा अध्यक्ष पद के साथ छेड़छाड़ नहीं होने देगी। बिहार का अगला सीएम कौन?: जदयू या भाजपा में से इस नाम पर लग सकती है मुहर, जानें दौड़ में कौन-कौन शामिल मुख्यमंत्री पद पर फिर चौंका सकती है भाजपा सबसे अधिक सवाल मुख्यमंत्री कौन बनेगा? यह ही पूछे जा रहे हैं।

## पटना जू में बर्ड फ्लू का सैंपल आया नेगेटिव:बर्ड फ्लू अलर्ट के चलते 7 मार्च तक रहेगा बंद




**पटना (एजेंसी)।** पटना जू बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए 7 मार्च तक बंद है। चिड़ियाघर के पक्षियों के सैंपल को भोपाल भेजा गया था और जांच में बर्ड फ्लू नहीं पाया गया है। फिर भी पटना जू काफी एहतियात बरत रही है। जानवरों और पक्षियों के केज के आसपास दो बार केमिकल्स का छिड़काव किया जा रहा है। जानवरों को चिकन की जगह गिनी पिग, चूहा और मटन दिया जा रहा है। वहीं, मोर को अंडे की जगह लहसुन और पालक साग खाने में दिया जा रहा है। खासकर ऑस्ट्रिच और इमु को जू एरिया में उगाए गए खीरे दिए जा रहे हैं, बाहर से कुछ भी नहीं मंगाया जा रहा है। बर्ड फ्लू को लेकर पटना जू के कर्मचारियों को खास निर्देश दिए गए हैं कि एक जानवर के केज में काम करने वाले कर्मी दूसरे जानवर के केज में काम नहीं करेंगे। खासकर पक्षी के बाड़े में काम करने वाले कर्मचारी उसी खास पक्षी की ही देखभाल करेंगे, ताकि किसी तरह का इन्फेक्शन ना फैले। सभी पक्षियों के केज में ग्रीन नेट लगाया गया है। उसके अंदर जो भी जाएगा अपने आप को पूरी तरह से गाइडलाइंस के अनुसार तैयार करके जाएगा। सभी कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराया गया है। बाड़ों से बाहर निकलने के बाद कर्मियों को खुद को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। पक्षियों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी हो रही है। जू प्रशासन ने कहा कि भोपाल से सैंपल नेगेटिव आने के बाद हमारे लिए यह राहत की बात है। जांच सैंपल भोपाल स्थित राष्ट्रीय पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान और रोग सूचना विज्ञान संस्थान की लैब में भेजा गया था। रिपोर्ट में एवियन इन्फ्लूएंजा निगेटिव आई है। सेंट्रल जू अथॉरिटी के गाइडलाइंस के अनुसार, बर्ड फ्लू के सैंपल पाए जाने के कारण 1 किलोमीटर वाले एरिया में सभी चीजों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। कौशल नगर के एक पॉल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद चिड़ियाघर को बंद किया गया है। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) को एक सप्ताह के लिए 7 मार्च तक बंद कर दिया गया है। बर्ड फ्लू के एहतियातन यह फैसला लिया गया है। पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग के जू-सेक्टर पार्क और पटना हाईकोर्ट परिसर में कौवों और मुर्गियों की अचानक मौत के बाद ल5ठ1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। ल5ठ1 बर्ड फ्लू को कोरोना से भी खतरनाक माना जाता है। इसका जानवरों से इंसानों में फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। इधर ऐसे मामले सामने आने के सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों को हाईअलर्ट पर रखा है।

## प्रेमी की गिरफ्तारी से नाराज प्रेमिका टावर पर चढ़ी



**पटना (एजेंसी)।** गोपालगंज में बॉयफ्रेंड की गिरफ्तारी से नाराज लड़की मोबाइल टावर पर चढ़ गई। लड़की प्रेमी की रिहाई और उससे शादी की मांग पर अड़ गई। उसका कहना था कि वो टावर पर ही अपने प्रेमी से शादी करेगी। इस दौरान पुलिस और ग्रामीण उसे नीचे उतारने की कोशिश करते रहे। एक घंटे तक लड़की जब नीचे नहीं उतरी तो पुलिस हाजत में बंद उसके प्रेमी पवन चौहान को हथकड़ी में ही जीप से टावर के पास लाई। प्रेमी को देखने के बाद लड़की नीचे उतरी। दरअसल, बनकटा मल गांव की रहने वाली युवती का उसी गांव के पवन चौहान नामक युवक से 7 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़के के घर वाले उसकी किसी और लड़की से सगाई करवा चुके थे। इसके बावजूद पवन अपनी प्रेमिका को नहीं छोड़ना चाहता था। इसलिए गुरुवार को वो युवती को घर से भगाकर शादी करने वाला था। लड़के के घर वालों को इसकी भनक लग गई, फिर उन्होंने लड़की के घर वालों को फोन कर अपनी बेटी को समझा लेने की धमकी दिए। इसके बाद लड़की के परिजन ने एहतियात बरतने के लिए पुलिस को इसकी जानकारी दे दी। शिकायत के आधार पर भोरे थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमी पवन चौहान को हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। प्रेमी की गिरफ्तारी से नाराज युवती शुक्रवार की सुबह गांव के ही करीब सौ फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। ग्रामीणों की नजर टावर पर पड़ी तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। युवती अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गई थी, जिससे उससे संपर्क करने का प्रयास किया गया। युवती की मुख्य मांग थी कि पवन को तुरंत रिहा किया जाए और उन दोनों की शादी कराई जाए। घटना की सूचना मिलते ही भोरे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई। जब युवती नहीं मानी, तो पुलिस ने एक अनोखा तरीका अपनाया। पुलिस पवन चौहान को हथकड़ी लगी हालत में टावर के पास लाई। इसके बाद समझा-बुझाकर उसे नीचे उतारा गया। पुलिस का कहना है कि युवती को नीचे उतारने के बाद दोनों पक्षों को समझाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि काफी मशक्कत के बाद युवती टावर से नीचे उतरी जिसे पुलिस अपने साथ थाना लेकर चली गई।

## ट्रेन हादसे में बेटे की मौत, सुनते ही पिता ने भी छोड़ दी दुनिया



**तिरहुत-मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के चकवा जगदीशपुर गांव में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जहां बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता ने भी दम तोड़ दिया। दोनों असम के डिब्रूगढ़ से होली मनाने के लिए अपने गांव लौट रहे थे। मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के चकवा जगदीशपुर गांव में उस समय मातम छा गया जब पिता और पुत्र की एक साथ अर्थी उठी। दोनों असम से अपने गांव होली पर्व मनाने के लिए लौट रहे थे, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताया गया है कि पिता के साथ लौट रहे बेटे की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी से पिता काफी देर तक अनजान रहे और ट्रेन में आगे तक सफर करते रहे। जानकारी के अनुसार यह हादसा न्यू जलपाईगुड़ी और कटिहार स्टेशन के बीच हुआ। ट्रेन से गिरने के कारण बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। उधर पिता इस बात से अनजान होकर ट्रेन में कई स्टेशन आगे तक पहुंच गए। जब पिता बरौनी स्टेशन पहुंचे, तब साथ में सफर कर रहे एक यात्री ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन बुजुर्ग को लेने के लिए पहुंचे और उन्हें निजी वाहन से घर लेकर आने लगे। बताया गया है कि रास्ते में जब बुजुर्ग पिता को बेटे की मौत की खबर दी गई, तो यह सदमा वह सहन नहीं कर सके और उन्होंने भी वहीं दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिवार के लोग दोनों शवों को लेकर गांव पहुंचे। उधर रेल पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद देर रात बेटे का शव भी गांव भेज दिया। जब घर पर पिता और पुत्र दोनों की लाश एक साथ पहुंची तो पूरे गांव में चीत्कार मच गया। मृतकों की पहचान विजय कुमार राय (45 वर्ष) और उनके पिता शंभू राय (68 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों साहेबगंज थाना क्षेत्र के चकवा जगदीशपुर गांव के रहने वाले थे। घटना को लेकर मृतक के परिजन मंजय कुमार ने बताया कि उनके चचेरे भाई विजय कुमार राय और बड़े चाचा शंभू राय असम के डिब्रूगढ़ में रहते थे। दोनों लोग होली पर्व मनाने के लिए अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बुधवार रात यह खबर मिली कि ट्रेन से गिरने के कारण विजय कुमार राय की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि साथ में यात्रा कर रहे एक यात्री ने ही इस घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजनों ने रेल पुलिस को सूचना दी। मंजय कुमार ने बताया कि बरौनी जंक्शन पहुंचने के बाद वे लोग शंभू राय को निजी कार से घर ला रहे थे।

## पूर्वीचंपारण के संजीव ने यूपीएससी में 290 रैंक की हासिल, जानें सफलता पर क्या बोले

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** पूर्वी चंपारण जिले के पीठवा गांव के संजीव कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में 290 रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। यह उनकी तीसरी प्रयास में मिली सफलता है। जानें इस बीच संजीव ने क्या कहा है यूपीएससी के परिणाम प्रकाशित होते ही पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड के पीठवा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के संजीव कुमार ने 290 रैंक लाकर पूरे जिले का मान बढ़ाया और गांव में जश्न का माहौल बन गया। संजीव कुमार, परचून व्यवसायी सुनील कुशवाहा और सुनीता कुमारी के पुत्र हैं। देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित मानी जाने वाली यूपीएससी परीक्षा में 290 रैंक लाना उनके अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। संजीव ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि उन्होंने 2022 में दिल्ली से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी। वर्ष 2023 में पहले प्रयास में वे मेंस परीक्षा तक पहुंचे, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत जारी रखी। उनके दूसरे प्रयास में उन्होंने आईआरएस की ट्रेनिंग के दौरान ऑल इंडिया रैंक 583 प्राप्त की थी। तीसरे प्रयास में मिली 290 रैंक से उनका सपना साकार हुआ। 'अब गांवों में भी यूपीएससी की तैयारी के लिए बेहतर माहौल' घोड़ासहन क्षेत्र के आईएएस अधिकारी राहुल कुमार ने संजीव कुमार को बधाई दी और कहा कि अब गांवों में भी यूपीएससी की तैयारी के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। पहले छात्र इसके लिए शहरों की ओर रुख करते थे।

## कश्मीर में शांति स्थापित करने वाले सैयद अता हसनैन बिहार के राज्यपाल बने



**पटना (एजेंसी)।** बिहार-महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों के राज्यपाल बदल गए हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और दिल्ली के एलजी भी बदल गए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन को बिहार का गवर्नर बनाया गया है। कश्मीर मामलों के विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लेंगे। वहीं बिहार भाजपा के सीनियर नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का गवर्नर बनाया गया है। दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना को लद्दाख का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर बनाया गया है। तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया एलजी बनाया गया। हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला को तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का नया गवर्नर बनाया गया है। तमिलनाडु के गवर्नर आर.एन. रवि को पश्चिम बंगाल का गवर्नर बनाया गया है। केरल के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर तमिलनाडु के गवर्नर का काम संभालेंगे। लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का नया राज्यपाल बनाया गया। चुनाव से पहले बोस का इस्तीफा, ममता का आरोप- केंद्र का दबाव था पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से ठीक पहले इस फैसले ने राज्य की राजनीति में नया तूफान खड़ा कर दिया। उनका कार्यकाल नवंबर 2027 तक था, लेकिन उन्होंने 20 महीने पहले ही पद छोड़ दिया। सीएम ममता बनर्जी ने इस पर हैरानी और चिंता जताते हुए कहा कि परंपरा के अनुसार इस फैसले से पहले मुझसे कोई परामर्श नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से ठीक पहले राज्यपाल के इस्तीफे के पीछे दबाव हो सकता है। बोस ने 17 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल का पद संभाला था। उनके कार्यकाल में राजभवन और ममता सरकार के बीच कई मुद्दों पर टकराव हुआ। कई बार विवाद सार्वजनिक रूप से सामने आया।

राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों पर राज्य सरकार की आलोचना करने को लेकर बोस अक्सर सुर्खियों में रहे। बोस से पहले जगदीप धनखड़ ने भी कार्यकाल पूरा किए बिना पद छोड़ा था। वे 2022 में उपराष्ट्रपति बने थे। रिटायर्ड ले. जनरल हसनैन ने लंदन से पढ़ाई की सैयद अता हसनैन भारतीय सेनाके सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। वे जम्मू-कश्मीर में 15वीं कोर के कमांडर रह चुके हैं। अपने सैन्य करियर में उन्होंने कई संवेदनशील इलाकों में सेवा दी। उन्होंने आईपीकेएफ के साथ श्रीलंका में भी ड्यूटी की। पंजाब में उग्रवाद के चरम दौर में भी उन्होंने सेवा दी। कश्मीर में 15वीं कोर की कमान संभालते हुए उन्होंने हार्ट्स डॉक्ट्रिन यानी जन-केंद्रित नीति पर काम किया। सेवानिवृत्ति के बाद वे कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी रह चुके हैं। सैयद अता हसनैन ने सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली और किंग्स कॉलेज, लंदन से शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें उनकी रणनीतिक समझ और कश्मीर में शांति स्थापना के प्रयासों के लिए जाना जाता है। बिहार समेत कई राज्यों के राज्यपाल बदले, दिल्ली के नए एलजी बने तरनजीत सिंह संधू, राष्ट्रपति भवन ने जारी की अधिसूचना.... नंदकिशोर नगालैंड के गवर्नर होंगे

# सीबीआई ने नीट छात्रा की मौत के केस में पॉक्सो की धारा जोड़ी



**पटना (एजेंसी)।** नीट छात्रा की मौत के मामले में सीबीआई ने पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 लगा दी है। मजिस्ट्रेट कोर्ट को यह जानकारी दी है। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद सीबीआई के केस में पॉक्सो एक्ट लग जाएगा। तब पॉक्सो कोर्ट में इस केस की सुनवाई होगी। राज्य सरकार की सिफारिश पर जब सीबीआई ने 12 फरवरी को केस टेकओवर किया था, तब उसने पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं लगाई थी। छात्रा को जबरन रोकने, हत्या के प्रयास, चोट पहुंचाने और निर्वस्त्र करने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। इन धाराओं के तहत ही पटना पुलिस ने भी चित्रगुप्तनगर थाने में छात्रा के पिता के बयान पर 9 जनवरी को केस दर्ज किया था। बाद में पॉक्सो एक्ट भी लगाया था। सीबीआई ने जब केस टेकओवर किया और उसमें पॉक्सो की धारा नहीं लगाई तो दैनिक भास्कर ने 13 फरवरी को ही सवाल उठाते हुए यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। कोर्ट ने सीबीआई को लगाई थी फटकार एसआईटी ने एफआईआर की कॉपी, जांच और परिजनों के बयान समेत अन्य दस्तावेज सीबीआई को दिए थे। फिर भी सीबीआई ने अपने केस में पॉक्सो एक्ट नहीं लगाया। कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाते हुए पूछा था कि केस में पॉक्सो एक्ट क्यों नहीं लगाया गया? इस केस की अगली सुनवाई अब 11 मार्च को होगी। उस दिन बेउर जेल में बंद मनीष रंजन की जमानत पर सुनवाई होगी। इससे पहले तीन तारीख पर मनीष को बेल नहीं मिली। पॉक्सो कोर्ट ने जब मनीष रंजन के जेल में रहने और रिमांड पर नहीं लेने को लेकर एसआईटी से पूछा तो उसने कहा कि केस सीबीआई को हैंडओवर कर दिया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि मनीष रंजन की जांच में कोई जरूरत नहीं है। इसको लेकर कोर्ट ने बेउर अधीक्षक को भी शोकॉज जारी किया था कि मनीष को कोर्ट में पेश क्यों नहीं किया गया? सीबीआई भी एसआईटी जांच से अबतक आगे नहीं बढ़ पाई सीबीआई ने 12 फरवरी को केस टेकओवर किया था। एसआईटी ने जांच के सारे दस्तावेज सीबीआई को दे दिए। तीन सप्ताह बाद भी सीबीआई की जांच एसआईटी की जांच से एक कदम आगे नहीं बढ़ी। सीबीआई ने अबतक जांच में वही किया जो एसआईटी ने पटना से लेकर जहानाबाद तक किया था। सीबीआई अबतक कोई ठोस सुराग नहीं लगा सकी कि छात्रा के कपड़े पर मिला स्पर्म किसका है? सीबीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती आरोपी को गिरफ्तार करना है। एसआईटी से नहीं सुलझा तो सीबीआई को सौंपा गया केस 16 जनवरी को छात्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, जिसमें यौन हिंसा से इनकार नहीं होने की बात सामने आई। उसके बाद मामले की जांच एसआईटी को दी गई। 24 जनवरी को एफएसएल की रिपोर्ट में कहा गया कि छात्रा के कपड़े पर स्पर्म मिला। इसके बाद पटना से लेकर जहानाबाद और दिल्ली तक प्रदर्शन होने लगा। सरकार और पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा था। एसआईटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। 2 फरवरी से विधानसभा सत्र शुरू होने वाला था। 31 जनवरी को बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी।

### संक्षिप्त डायरी

## दरभंगा में 7-8 मार्च को होगा भव्य मां श्यामा महोत्सव

**दरभंगा (एजेंसी)।** जिला प्रशासन की देखरेख में 7 और 8 मार्च को श्यामा माई मंदिर परिसर में भव्य मां श्यामा महोत्सव का आयोजन होगा। डीएम कौशल कुमार के निर्देश पर 2 दिवसीय महोत्सव में साहित्य, संस्कृति देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के विद्वान, कवि और कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 7 मार्च को महोत्सव के पहले दिन आमंत्रित अतिथियों का स्वागत चुनरी, प्रसाद और मेमेंटो देकर किया जाएगा। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन होगा और स्वागत गीत से सत्र की शुरूआत की जाएगी। 2:30 बजे से 4:30 बजे तक मंदिर परिसर में कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिंदी और मैथिली भाषा के कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। इस सत्र के उद्घोषक कमलाकांत झा और रामसेवक ठाकुर होंगे। कवि सम्मेलन में डॉ. भीमनाथ झा, डॉ. अशोक कुमार मेहता, रामकुमार झा, आनंद मोहन, प्रो. उमेश उत्पल, दीप नारायण विद्यार्थी, सच्चिदानंद पाठक, प्रो. डॉ. अजीत कुमार वर्मा, डॉ. अमरकांत कुंवर, डॉ. रानी झा, निरंजन मिश्र और डॉ. चंद्रमणि झा सहित कई कवि भाग लेंगे। शाम 5 बजे से मुख्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उद्घोषक के रूप में सुधीर पांडे और सागर सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राजनंदनी का भक्ति नृत्य, आशुतोष कुमार सिंह की महा आरती, ममता कुमारी का मैथिली सुगम संगीत, जयप्रकाश नारायण पाठक का शास्त्रीय और लोक नृत्य, विभा झा का भजन, शारदा कुमारी का नृत्य और सिद्धि शक्ति का लोकगीत सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 8 मार्च को महोत्सव के दूसरे दिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक विद्वत गोष्ठी आयोजित की जाएगी

## गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं पर टूटा कहर,एम्बुलेंस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक 65 वर्षीय मनोज कुमार तांती की मौके पर ही मौत हो गई। भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा में सवार दो महिला श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक ई-रिक्शा चालक की पहचान सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मिर्जा गांव निवासी 65 वर्षीय मनोज कुमार तांती के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के संबंध में सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह मनोज कुमार तांती अपने ई-रिक्शा पर सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन से दो महिला श्रद्धालुओं को बैठाकर अजगैवीनाथ गंगा घाट गंगा स्नान के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान स्टेशन रोड पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक एम्बुलेंस ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सहित उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल में डॉक्टरों ने चालक को किया मृत घोषित घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तुरंत सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद ई-रिक्शा चालक मनोज कुमार तांती को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों महिला श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज) रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल एम्बुलेंस को जब्त कर लिया है। हालांकि हादसे के बाद एम्बुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चालक की पहचान करने और उसे जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

## मुजफ्फरपुर में होली विवाद के दौरान युवती की संदिग्ध मौत, तीन आरोपी गिरफ्तार

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** मुजफ्फरपुर के तुर्की थाना क्षेत्र के चंदूआ गांव में होली पर्व के दिन हुए विवाद में 21 वर्षीय मनीषा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाद मिट्टी खेलने को लेकर शुरू हुआ था। घटना के बाद परिजन और आरोपी के बीच मारपीट हुई, जिससे मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुजफ्फरपुर के तुर्की थाना क्षेत्र के चंदूआ गांव में होली पर्व के दिन हुए आपसी विवाद में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान मनीषा कुमारी (21 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विवाद की शुरूआत मिट्टी खेलने को लेकर होली के दिन दो पक्षों में हुई मारपीट से हुई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद आरोपी युवती के घर घुसकर परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी-परिजन घटना के बाद परिजन शोक में डूब गए हैं और पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि पहले भी इस विवाद को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस पर नाराज आरोपी ने उनके साथ मारपीट की, जिसके कारण मनीषा गंभीर रूप से घायल हुई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ वेस्ट अनिमेष चंद्र ज्ञानी ने बताया कि युवती की संदिग्ध मौत के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ऋछ की मदद से घटनास्थल का सर्वे कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और आगे की कार्रवाई जारी

## महादलित परिवार से मारपीट मामले में सीओ रविकांत पर प्राथमिकी दर्ज

**दरभंगा (एजेंसी)।** दरभंगा के मनीगाछी प्रखंड में महादलित परिवार के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली देने के आरोप में सीओ रविकांत के खिलाफ रउ/रळ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोप है कि सीओ ने परिवार के सदस्यों को पीटा और थाने में बंद करवा दिया। मामले की जांच पुलिस कर रही है दरभंगा के मनीगाछी प्रखंड के राजे गांव के वार्ड नंबर 5 में एक महादलित परिवार के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली देने के आरोप में सीओ रविकांत के खिलाफ रउ/रळ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, सीओ रविकांत अपने दो सहयोगियों के साथ रेखा देवी के घर पहुंचे और कहा कि उनका घर सरकारी जमीन पर बना है और इसे खाली करना होगा। रेखा देवी ने बताया कि उनके पास घर बनाने का बॉसगीत पर्चा मौजूद है और उनका परिवार लंबे समय से इसी जमीन पर रहता है। डीएमसीएच रेफर किया गया हालांकि, आरोप है कि इस दौरान सीओ ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जब महिला का पति सुकन चौपाल उन्हें बचाने आया, तो उसे भी पीटा गया और उसके चश्मे के टूटने से आंख को चोट आई। इसके बाद सीओ ने महिला और उसकी दो बेटियों सहित परिवार के अन्य सदस्यों को जबरन गाड़ी में बैठाकर थाना ले जाकर हाजत में बंद करवा दिया।

# संदीपा ने की अपनी फिल्म दो दीवाने सहर में की तारीफ



हाल ही में रिलीज हुई फिल्म दो दीवाने सहर में अभिनेत्री संदीपा धर नजर आई। इस फिल्म में संदीपा ने नैना नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है जो बाहर से तो परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से बेहद अकेली है। अपने किरदार के बारे में संदीपा ने बताया कि इस फिल्म को चुनने की सबसे बड़ी वजह नैना का जटिल और गहराई वाला किरदार था। उनके अनुसार, बाहरी खुशहाल छवि के पीछे छिपी उथल-पुथल और टूटे हुए एहसासों को परदे पर दिखाना एक कलाकार के रूप में चुनौतीपूर्ण होने के साथ बेहद रोमांचक भी रहा। संदीपा ने फिल्म की कहानी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि लंबे समय बाद दर्शकों के सामने ऐसी अनूठी प्रेम कहानी आई है, जो सामान्य रोमांस से अलग है। यह दो ऐसे लोगों की कहानी है जो अपनी-अपनी कमजोरियों को पहचानते हैं, उन्हें स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाते हुए अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते हैं। उनके मुताबिक, हीरो-हीरोइन द्वारा अपनी कमियों को स्वीकारते हुए प्यार चुनने वाली कहानियां आजकल बहुत कम देखने को मिलती हैं। फिल्म की रिलीज के बाद संदीपा धर बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म बिल्कुल उसी तरह बनी है जैसा उन्होंने उम्मीद की थी और उनका किरदार भी दर्शकों द्वारा उसी रूप में स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि फिल्म के दूसरे हिस्से में उनका और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का टकराव वाला सीन काफी महत्वपूर्ण था, और यह दर्शकों के बीच खासा चर्चित भी रहा। कई लोगों ने उस सीन से खुद को जोड़कर उनकी तारीफ की है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है, जबकि इसे प्रतिष्ठित फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। संदीपा ने भंसाली के प्रोडक्शन हाउस में काम करने के अनुभव को खास बताते हुए कहा कि उनका विजुअल विजन हमेशा की तरह बेहद प्रभावशाली है।



## थिएटर मालिकों को मिल रही धमकियां : विपुल शाह

बॉलीवुड फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह का आरोप है कि केरल और चेन्नई के कई सिनेमाघरों पर फिल्म न दिखाने का दबाव बनाया जा रहा है। विपुल शाह ने दोनों राज्यों के प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि थिएटर मालिकों को धमकियां मिल रही हैं ताकि वे फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दें। उन्होंने कहा कि अदालत का आदेश स्पष्ट है और उसका पालन होना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब फिल्म पर स्टे था, तब टीम ने पूरी तरह कानून का सम्मान किया और किसी भी तरह की अवैध स्क्रीनिंग नहीं की। ऐसे में यदि केवल फिल्म निर्माता से कानून पालन की अपेक्षा रखी जाए और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई न हो, तो न्याय व्यवस्था का संतुलन बिगड़ जाता है। शुक्रवार को केरल हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटा दी थी। यह फैसला डिवीजन बेंच द्वारा स्टे हटाए जाने के बाद आया, जो पहले सिंगल बेंच ने लगाया था। अदालत के आदेश के बाद फिल्म की स्क्रीनिंग का रास्ता साफ हुआ और फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में दिखाई जाने लगी। विपुल शाह का दावा है कि जिन स्थानों पर फिल्म प्रदर्शित हो रही है, वहां दर्शकों का रिस्पॉन्स बेहद सकारात्मक है। थिएटर मालिक और डिस्ट्रीब्यूटर भी फिल्म के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं और आने वाले दिनों में शो और स्क्रीन बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। कलेक्शन की बात करें तो कामाख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बनी 'द केरल स्टोरी 2' ने पहले दिन 75 लाख रुपये कमाए थे। दूसरे दिन 4.65 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 5.40 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बता दें कि विपुल अमृतलाल शाह और सुदिप्तो सेन की फिल्म 'द केरल स्टोरी' लंबे समय तक विवादों में घिरी रही थी। फिल्म की रिलीज पर केरल हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक ने मामले को और तूल दिया, लेकिन 27 फरवरी को अदालत से हरी झंडी मिलने के बाद इसके सीक्वल 'द केरल स्टोरी 2' आखिरकार सिनेमाघरों तक पहुंच गई।

## सोनू सूद फिर आए मदद को आगे



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए हैं। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों में हवाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे दुबई में कई लोग फंस गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए सोनू सूद ने वहां फंसे लोगों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की पेशकश की है। अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि जो लोग दुबई में फंसे हुए हैं और असहाय महसूस कर रहे हैं, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी टीम जरूरतमंदों को सुरक्षित रहने की व्यवस्था कराने में हर संभव मदद करेगी। सोनू सूद इससे पहले भी कई मानवीय कार्यों के लिए चर्चा में रह चुके हैं। कोविड-19 के दौरान उन्होंने हजारों प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद से लोग उन्हें 'मसीहा' के नाम से भी पुकारने लगे। फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पहल की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में भी सोनू सूद हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं।

## 'सैयारा' की सफलता के बाद अहान पांडे ने झेली महीनों तकलीफ़

अपनी डेब्यू फिल्म सैयारा से साल 2025 में बॉलीवुड के उभरते अभिनेता अहान पांडे ने धमाकेदार पहचान बनाई थी। इस सफलता के पीछे एक ऐसा दर्द था, जिसे अब अहान ने पहली बार साझा किया है। एक्टर ने खुलासा किया कि फिल्म रिलीज होने के तुरंत बाद उन्हें जिंदगी की सबसे तकलीफदेह सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिसने उन्हें महीनों तक सामान्य जीवन से दूर रखा। अहान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें पिछले साल एक बड़ी सर्जरी करानी पड़ी, जो बेहद दर्दनाक रही। उन्होंने कहा कि उनका शरीर इतनी परेशानी से गुजरा कि लंबे समय तक वे न तो सामान्य तौर पर चल-फिर पा रहे थे और न ही वजन उठा पा रहे थे। यह स्थिति उनके लिए शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर चुनौती बन गई। कुछ साल पहले हुए एक स्नोमोबाइल हादसे का असर उनके कंधे पर गंभीर रूप से पड़ा था। चोट इतनी गहरी थी कि समय के साथ यह बढ़ती ही चली गई और जिम में वर्कआउट करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया। आखिरकार उन्होंने सर्जरी का निर्णय लिया, हालांकि डॉक्टर ने उन्हें पहले ही चेतावनी दे दी थी कि ऑपरेशन के बाद उनका शरीर पहले जैसा नहीं रह पाएगा और फिल्मों के लिए जरूरी फिजिक हासिल करना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा। अहान के मुताबिक, वह हमेशा उन एक्टर्स से प्रेरणा लेते रहे हैं जो जिम में जाकर अपनी बॉडी में जबरदस्त बदलाव लाने में सफल होते हैं। लेकिन उनका मामला बिल्कुल अलग था—वे अनहेल्दी शरीर नहीं, बल्कि एक गंभीर चोट से जूझ रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले चलना-फिरना भी मुश्किल था, फिर वे वजन नहीं उठा पाते थे, और अंत में महीनों की मेहनत के बाद वे फिर से वेटलिफ्टिंग करने की स्थिति में आए। सर्जरी के बाद वे लंबे समय तक हाथ पर प्लास्टर बांधे रहे, लेकिन उन्होंने इसे सार्वजनिक नहीं होने दिया। अपने दर्द को छुपाकर उन्होंने खुद को दोबारा खड़ा किया और अब वापस अपने फिटनेस रूटीन में लौट आए हैं। अहान पांडे की कहानी सिर्फ एक अभिनेता की सफलता का किस्सा नहीं है, बल्कि यह उन कठिन रास्तों की भी दास्तान है, जिन्हें वे पर्दे के पीछे चुपचाप पार करते हैं। 'सैयारा' की सफलता के बाद आज अहान का नाम तेजी से ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इस सफर में उनकी जिद, जुझारूपन और संघर्ष सबसे ज्यादा चमकते हुए नजर आते हैं। बता दें कि मोहित सूरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई और अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी फिल्म बन गई।




## श्रद्धा और वरुण के बचपन की कहानी है बेहद दिलचस्प



एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने खुलासा किया कि जब वह केवल 8 साल की थीं, तब उन्होंने वरुण को प्रपोज किया था। दोनों अपने-अपने पिता के साथ एक फिल्म के सेट पर गए थे। वहां खेलने के दौरान वे एक छोटी पहाड़ी पर चढ़ गए और इसी मासूमियत भरे माहौल में श्रद्धा ने वरुण के सामने अपना दिल खोल दिया। श्रद्धा कपूर और वरुण धवन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी हमेशा पसंद की जाती रही है, लेकिन इन दोनों की बचपन की एक कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। श्रद्धा ने बताया कि उन्होंने वरुण को प्रपोज करने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला। उन्होंने कहा कि वह कुछ उल्टा बोलेंगी और वरुण को उसे समझना होगा। श्रद्धा ने मजाक में कहा 'यू लव आई' जो उल्टा पढ़ने पर 'आई लव यू' होता है। इस पर छोटे वरुण घबरा गए और बोले, 'मुझे लड़कियां पसंद नहीं हैं,' और तुरंत वहां से दौड़कर भाग गए। श्रद्धा ने यह किस्सा एक यूट्यूब इंटरव्यू में हंसते हुए साझा किया था। बड़े होकर दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आए। दोनों ने एबीसीडी 2, स्ट्रीट डांसर 3डी में शानदार केमिस्ट्री दिखाई। इसके अलावा, वे स्त्री 2 में भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आए, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। साल 2010 में श्रद्धा कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म तीन पत्ती से की थी। 2011 में वह लव का द एंड में दिखाई दीं, लेकिन उन्हें असली पहचान मिली मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म आशिकी 2 से। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता आदित्य रॉय कपूर थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और श्रद्धा को कई अवॉर्ड नॉमिनेशन मिले। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर ने गायक राहुल जयकर की भूमिका निभाई थी, जो शराब की लत के कारण अपना करियर खो देता है, जबकि श्रद्धा ने आरोही शिरके का किरदार निभाया, जो उनकी मदद से एक सफल सिंगर बनती है। इसके बाद श्रद्धा ने कई सफल फिल्मों में काम किया, जिनमें एक विलेन, बागी, हाफ गर्लफ्रेंड, स्त्री, छिछोरे, और तू झूठी मैं मक्कार शामिल हैं। हाल ही में उनकी फिल्म स्त्री 2 ने दुनियाभर में 800 करोड़ से ज्यादा की कमाई करते हुए बड़ी हिट साबित हुई।



## बॉलीवुड को अक्सर गलत तरीके से किया जाता है पेशः सुनील शेट्टी

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की लगातार खराब की जा रही छवि पर हाल ही में अभिनेता सुनील शेटटी ने खुलकर अपनी बात रखी है। एक इवेंट में उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म जगत को अक्सर गलत तरीके से पेश किया जाता है, जबकि इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार और तकनीशियन हैं, जो पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ गुणवत्तापूर्ण सिनेमा बनाने के लिए समर्पित हैं। उनका कहना था कि दर्शकों को यह समझना चाहिए कि पूरी इंडस्ट्री नकारात्मकता से भरी नहीं होती। सुनील के मुताबिक, बॉलीवुड से जुड़े लोग लगातार सुर्खियों में रहते हैं, इसलिए उनके बारे में सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक बातें फैलती हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप एक्टर, सिंगर, खिलाड़ी या एंटरटेनर होते हैं, तो आप हमेशा जनता की नजरों में रहते हैं। ऐसे में आपके बारे में अच्छी और बुरी दोनों तरह की बातें कही जाती हैं, कई बार स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना देती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर गलत नैरेटिव थोप दिया जाता है। कई लोग मानते हैं कि अगर ड्रग्स या मी टू जैसे मामले सामने आए हैं तो वे केवल फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित हैं, जबकि हकीकत यह है कि ऐसा समाज के हर हिस्से में होता है। सुनील के अनुसार इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में मेहनती, सजग और प्रतिभाशाली लोग काम कर रहे हैं, लेकिन नकारात्मक कंटेंट आज के समय में टीआरपी और व्यूज का आसान जरिया बन चुका है, इसलिए आलोचना ज्यादा दिखाई देती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज मुद्दा यह नहीं रहा कि खबर सही है या नहीं, बल्कि यह कि कौन इसे सबसे पहले प्रस्तुत करता है। बातचीत के दौरान सुनील ने अपने बेटे अहान शेटटी को दी गई सीख के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अहान को पहले एक अच्छा इंसान बनने की सलाह देते हैं, क्योंकि इंसानियत ही शिखर की लंबी दौड़ का खिलाड़ी बनाती है। अहान हाल ही में फिल्म बार्डर 2 में नजर आए थे, जो सुनील शेट्टी की प्रतिष्ठित फिल्म 'बॉर्डर' का स्पिरिचुअल सीक्वल है। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हुई और भारत में 327 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता बन गई।

## छलका आयशा खान का दर्द

एक्ट्रेस आयशा खान इन दिनों अपने हालिया खुलासों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें केवल शरीर के आकार के कारण एक गाने से बाहर कर दिया गया था। आयशा ने कहा कि उन्हें 'मोटी' कहकर प्रोजेक्ट से हटाया गया, जिससे उन्हें काफी मानसिक आघात पहुंचा। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर उन्हें रोजाना अश्लील संदेश और धमकियां मिलती हैं। आयशा के मुताबिक इंस्टाग्राम पर कई लोग उन्हें सेक्सुअलाइज करते हैं और कुछ यूजर्स तो रेप की धमकियां तक देते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि इस तरह की घटनाएं मानसिक रूप से बेहद परेशान करने वाली होती हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनका मानना है कि कलाकारों को भी सम्मान और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। आयशा खान हाल ही में फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में बॉडी शेमिंग और ऑनलाइन ट्रोलिंग जैसी समस्याएं अब भी गंभीर रूप से मौजूद हैं।




## फिल्म मालामाल विकली का बनने जा रहा है सीक्वल



कॉमेडी से भरपूर फिल्म मालामाल विकली का सीक्वल बनने जा रहा है। करीब बीस पूर्व रीलिज हुई प्रियदर्शन की इस कल्ट कॉमेडी ने एक गुम हुए लॉटरी टिकट की कहानी को लेकर दर्शकों को खूब हंसाया था। अब इसके सीक्वल की खबर से फैंस फिर से उत्साहित हैं। फिल्म में परेश रावल राजपाल यादव, रितेश देशमुख और दिवंगत ओम पुरी ने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि 'मालामाल वीकली 2' की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, मगर फिल्म के मुख्य अभिनेता परेश रावल ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया, 'हां, यह सच है। मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं और हम इसे कर रहे हैं।' पहली फिल्म में लॉटरी टिकट बेचने वाले लीलाराम की भूमिका निभाने वाले परेश रावल दोबारा इसी किरदार में कमाल दिखाने की तैयारी में हैं। दिलचस्प रूप से, साल 2012 में कमाल धमाल मालामाल रिलीज़ हुई थी, जिसे 'मालामाल वीकली' का रीबूट माना गया था। इसमें भी परेश रावल के साथ राजपाल यादव, ओम पुरी और नाना पाटेकर ने बेहतरीन अभिनय से कॉमेडी का स्तर ऊंचा रखा था। हालांकि उस समय इसे आधिकारिक सीक्वल नहीं कहा गया था, लेकिन इस बार फिल्म के सीधे सीक्वल की पुष्टि ने पुराने दर्शकों की यादें ताजा कर दी हैं। इस बीच परेश रावल दूसरी फिल्म भागमभाग 2 को लेकर भी चर्चा में हैं, जो उनकी 2006 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है। इस बार फिल्म में बड़ा बदलाव यह है कि गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी नजर आएंगे, जिससे कहानी और प्रस्तुति में नए रंग जुड़ने की उम्मीद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो परेश रावल आने वाले महीनों में कई बड़ी फिल्मों के साथ दर्शकों के बीच लौटने वाले हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म भूत बंगला में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे, जो 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इसके साथ ही, सुपरहिट तिकड़ी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल फिर से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी क्योंकि अभिनेता फिल्में वेलकम टू द जंगल और हेराफेरी 3 में भी नजर आएंगे।

# अक्षर पटेल भारत के महानतम खिलाड़ियों में शामिल होने की राह पर: गावस्कर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अक्षर पटेल क्रिकेट के हर विभाग में अपने शानदार कौशल और क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने के कारण भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं जिसकी एक बानगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में देखने को मिली जिसमें उन्होंने अपनी शानदार फील्डिंग से प्रभावित किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'अक्षर ने ब्रूक का जो कैच लिया वह अविश्वसनीय था। ब्रूक मैच का रुख बदल सकते हैं और उनका विकेट हासिल करने का हर मौका भुनाना चाहिए। अक्षर ने वही किया। वह 24 मीटर दौड़े, गेंद पर नजर रखी, खुद पर नियंत्रण बनाए रखा और कैच लपक लिया। अविश्वसनीय।' उन्होंने कहा, 'विल जैक्स को आउट करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। (जैकब) बेथेल और जैक्स की साझेदारी मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर रही थी। लेकिन अक्षर अपनी बाईं ओर दौड़े, गेंद पकड़ी और चतुराई दिखाकर उसे शिवम दुबे के पास पहुंचा दिया। इससे उनकी क्रिकेट की समझ और अच्छी सूझबूझ का पता चलता है।'

गावस्कर ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर आपकी सूझबूझ और जज्बा ही महान खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है। अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर अक्षर भारत के महान खिलाड़ियों में से एक बनने जा रहे हैं।' गावस्कर ने कहा कि रवींद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अक्षर ने उनकी जगह को अच्छी तरह से भर दिया है।

इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'उनसे पहले हमारे पास रवींद्र जडेजा थे और अक्षर उनकी कमी को बखूबी पूरा कर रहे हैं। उनकी गेंदबाजी में थोड़ा और निखार की जरूरत है। अनुभव के साथ यह आ जाएगा। उनकी लाइन, लेंथ और गति में निरंतर सुधार हो रहा है।' गावस्कर ने इसके अलावा जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, 'जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज सदियों में एक बार पैदा होते हैं। वह सभी प्रारूप में खेलते हैं। इसलिए चाहे टेस्ट मैच हो या वनडे या फिर टी20 आप उन्हें गेंद दे दीजिए और वह अपना काम बखूबी निभाएंगे।'

# लियोनेल मेस्सी ने डोनाल्ड ट्रंप को भेंट की रत्नों से जड़ी गुलाबी फुटबॉल




**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (MLS) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।

इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेस्सी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (MVP) चुना गया था। ट्रंप ने कहा, 'लियो (मेस्सी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया।'

मेस्सी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेस्सी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेस्सी को संबोधित करते हुए कहा, 'आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।'

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में लवलीना और निकहत से रहेंगी पदकों की उम्मीद






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन रही निकहत ज़रीन करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ ने कड़ी चयन प्रणाली के आधार पर इस चैम्पियनशिप के लिए अपनी टीम का चयन किया है। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चयनित किये गये संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में अवसर मिलेगा। इस कारण इस चैंपियनशिप का महत्व और बढ़ गया है। लवलीना को 75 किग्रा वर्ग में महिला टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी मिली है। स्पेन में स्वर्ण जीतने वाली प्रीति 54 किग्रा, अरुंधति चौधरी 70 किग्रा और प्रिया 60 किग्रा को भी शामिल किया गया है। विश्व चैंपियन मीनाक्षी 48 किग्रा और जैस्मीन 57 किग्रा भी टीम का हिस्सा हैं। महिला वर्ग में निकहत ज़रीन 51 किग्रा में अगुवाई करेंगी। उनके साथ अंकुशिता बोरो 65 किग्रा, पूजा रानी 80 किग्रा, अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान 80 किग्रा रहेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने को उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

# टी20 फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़ और अश्विन, रिपोर्ट में हुआ खुलासा



**लंदन (एजेंसी)।** दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। बीबीसी स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था।

अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।'

अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 765 विकेट लिए। द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया।

स्कॉटलैंड जब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भाग लेता था तब द्रविड़ 2003 में उसके लिए खेले थे। भारत के दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ ने नेशनल क्रिकेट लीग में 11 मैच खेले, जिसमें उन्होंने तीन शतकों सहित 600 रन बनाए। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट और 344 वनडे मैच खेले। उन्होंने इनमें 48 शतकों सहित 24,000 से अधिक रन बनाए। वह नवंबर 2021 से जून 2024 तक भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच भी रहे।

# टी20 विश्व कप : संजू सैमसन की हालिया इनिंग्स पर बोले रवि शास्त्री, इसी बदलाव की वजह से आए परिणाम



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं।

शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है, तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है।'

शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा, 'वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है।' हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं।

# डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)। फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

# आईपीएल की तैयारियों के लिए 15 मार्च को अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी आरसीबी : प्रसाद

मुम्बई। गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीलएल की तैयारियों के लिए 15 मार्च को अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उतरेगी। अभी राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) इस स्टेडियम में सभी तैयारियों को पूरा करने के इंतजाम कर रहा है। केएससीए के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद को उम्मीद है कि 15 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम के एकत्रित होने से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी जरुरी इंतजाम पूरे कर लिए जाएंगे। आरसीबी ने इससे पहले कहा था कि वह आईपीए 2026 के शुरुआती मैच सहित पांच लीग मैच इस स्टेडियम में खेलेगी जिसके साथ ही घरेलू मैदानों को लेकर जारी संदेश दूर हो गया था। प्रसाद ने कहा, ''हां, अब भी स्टेडियम में कुछ काम बचा हैं और जहां तक हमारा सवाल है यह तय समय सीमा के अंदर पूरा हो जाएगा जो हमने महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली (राज्य द्वारा नियुक्त) विशेषज्ञ समिति को दी है।'' उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें जितना हो सका उतना संतुष्ट कर दिया है।गौरतलब है कि पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब जीतने के बाद हुए समारोह में हुड़दंग मचने के बाद से ही चिन्नास्वामी स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। इस कारण इसमें मैचों के आयोजन पर भी रोक लगा दी गयी थी जो अब हटा दी गयी है।



# टी20 विश्व कप : चक्रवर्ती की फॉर्म भारत के लिए चिंता, साथी क्रिकेटर बोला- वह अब भी तुरुप का इक्का

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले कुछ मैचों में वरुण चक्रवर्ती के खराब प्रदर्शन को देखकर लग रहा है कि उनकी रहस्यमयी गेंदबाजी का रहस्य अब सुलझता नजर आ रहा है लेकिन उनके साथी खिलाड़ी अब भी इस लेग स्पिनर को अपनी टीम का तुरुप का इक्का मानते हैं। अगर टीम प्रबंधन रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में दुनिया के शीर्ष गेंदबाज को टीम में बनाए रखने का फैसला करता है, तो वह भारत के लिए कमजोर कड़ी साबित हो सकते हैं। टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण के बाद से उनकी फॉर्म में लगातार गिरावट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

चक्रवर्ती को टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने मन में मौजूद शंकाओं को दूर करने की जरूरत होगी। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में जैकब बेथेल ने चक्रवर्ती को अपने निशाने पर रखा था। इस भारतीय गेंदबाज ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। भारत के उप कप्तान अक्षर पटेल ने हाल ही में चक्रवर्ती से बातचीत की है और इस बात पर जोर दिया कि जब चीजें अनुकूल नहीं चल रही हों तब भी अपनी रणनीति पर कायम रहना कितना महत्वपूर्ण है।

अक्षर ने कहा, 'हमने चक्रवर्ती की मौजूदा समस्याओं के बारे में बात की है। हमने इस समय कई नॉकआउट मैच खेले हैं, इसलिए सही मानसिकता का होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल और बाकी चीजें भी मायने रखती हैं, लेकिन हमने उससे यही कहा कि जब उसकी गेंदों पर रन बनने लगें तो अपनी रणनीति को नहीं बदलें।'

उन्होंने कहा, 'पहले आपकी रणनीति विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की होती है और फिर अचानक आप लाइन बदल देते हैं। दबाव वाली परिस्थितियों में गलतियां हो सकती हैं। हम उसे लगातार यही कहते रहते हैं कि तुम टीम के लिए तुरुप का इक्का हो। खुद पर भरोसा रखो और पूरे आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करो।'

वरुण ने सेमीफाइनल से पहले नेट पर जमकर अभ्यास किया, लेकिन पावरप्ले में गेंदबाजी करने के बाद वह अपनी लय हासिल नहीं कर पाए। इंग्लैंड ने चक्रवर्ती के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी और बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने उन्हें किसी भी समय लय हासिल नहीं करने दी। उन्होंने चक्रवर्ती के पहले ही ओवर में तीन छक्के जड़े। बेथेल ने चक्रवर्ती की 13 गेंदों में 42 रन बनाए। चक्रवर्ती पिछले कुछ समय से बहुत शॉर्ट या फिर ओवर पिच गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदों को समझना आसान हो गया है।

अक्षर ने कहा, 'अगर आप देखें तो कुछ छक्के खाने के बाद भी उसने जोस बटलर का विकेट लिया। वह नंबर एक टी20 गेंदबाज है और वह जानता है कि उसे क्या करना है। यह मानसिकता की बात है। हमें अभी एक और मैच खेलना है और उम्मीद है कि वह फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि चक्रवर्ती को अपनी गति कम करनी होगी। हरभजन ने कहा, 'वह मैच विजेता गेंदबाज है लेकिन शुरुआत से ही निशाना बनाए जाने पर कोई भी गेंदबाज दबाव में आ जाता है। तेज गति के अलावा वह सही लेंथ से गेंदबाजी नहीं कर पा रहा है। विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करना उसका मजबूत पक्ष है लेकिन कई बार उसने अपनी इस रणनीति से हटकर वाइड गेंदें फेंकी हैं। वह दबाव में हैं। उसे बस इतना करना है कि वह नेट पर जमकर अभ्यास करे।'




# एशियन कप में जापान से भिड़ेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम



पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)। भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है। वाल्वर्डे ने कहा, 'हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पजेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।'

# 'भारत खुशकिस्मत है कि बुमराह जैसा गेंदबाज हमारे पास है': पूर्व ऑलराउंडर

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की रोमांचक जीत के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी चर्चा का केंद्र बन गई है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि भारत बेहद खुशकिस्मत है कि ऐसा गेंदबाज टीम के लिए खेलता है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बुमराह की डेथ ओवर गेंदबाजी ने मैच का रुख पलट दिया। पठान का मानना है कि बुमराह जैसे गेंदबाज पीढ़ियों में एक बार ही देखने को मिलते हैं।



### इरफान पठान ने बुमराह की जमकर की तारीफ

इरफान पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह भारत को मिला एक बेहद खास गेंदबाज है। उनके अनुसार क्रिकेट इतिहास में बहुत कम गेंदबाज ऐसे हुए हैं जिनके पास इतनी विविधता और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता हो। पठान ने कहा कि बुमराह के पास यॉर्कर, स्लोअर बॉल, इनस्विंग, आउटस्विंग और बाउंसर जैसी हर तरह की गेंद है, जिससे वह किसी भी बल्लेबाज को मुश्किल में डाल सकते हैं। उनका मानना है कि भारत को पहले कभी बुमराह जैसा गेंदबाज नहीं मिला और दुनिया में भी इस तरह के गेंदबाज बेहद कम देखने को मिलते हैं।

### डेथ ओवर में बुमराह ने बदला मैच का रुख

सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 253/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें संजू सैमसन की 89 रन की शानदार पारी शामिल थी। जवाब में इंग्लैंड ने दमदार बल्लेबाजी की और मैच आखिरी ओवरों तक रोमांचक बना रहा। लेकिन मुकाबले का सबसे अहम मोड़ तब आया जब जसप्रीत बुमराह ने 18वां ओवर फेंका।उस समय इंग्लैंड को आखिरी तीन ओवरों में 45 रन की जरूरत थी, लेकिन बुमराह ने अपने ओवर में सिर्फ छह रन दिए और चार सटीक यॉर्कर डाले। इस शानदार ओवर ने इंग्लैंड पर दबाव बढ़ा दिया।

### हार्दिक पांड्या ने बढ़ाया दबाव

बुमराह के शानदार ओवर के बाद हार्दिक पांड्या ने 19वें ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। उन्होंने इस ओवर में सिर्फ नौ रन दिए और खतरनाक बल्लेबाज सैम करन को आउट कर दिया। अंत में इंग्लैंड की टीम 246/7 तक ही पहुंच सकी और भारत ने सात रन से मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

### बुमराह को मिलना चाहिए था प्लेयर ऑफ द मैच

इरफान पठान का मानना है कि इस मुकाबले में बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यह मैच एक बेहद फ्लैट पिच पर खेला गया था, जहां लगभग 500 रन बने। पठान के मुताबिक ऐसे हालात में जहां बाकी गेंदबाज 10 या उससे ज्यादा इकॉनमी से रन दे रहे थे, वहां बुमराह ने रन पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा। उनका कहना है कि कठिन परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी ही असली मैच विनर होता है।

### क्रिकेटिंग इंटेलिजेंस ने दिलाया अहम विकेट

पठान ने बुमराह की क्रिकेटिंग समझ की भी खास तौर पर तारीफ की। उन्होंने बताया कि जब बुमराह गेंदबाजी करने आए तो उनके सामने इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक थे। बुमराह ने तेज गेंद फेंकने की बजाय चतुराई दिखाते हुए स्लोअर बॉल का इस्तेमाल किया, क्योंकि उन्हें पता था कि ब्रूक तेज गेंदों को पसंद करते हैं। इस रणनीति ने काम किया और ब्रूक का कैच अक्षर पटेल ने लपक लिया।

### फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा मुकाबला

सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 1/33 का प्रभावी स्पेल डाला, जबकि अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या ने भी अहम विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। यह मुकाबला 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां भारतीय टीम एक और आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियाई ग्रैंड प्रिक्स के कार्यक्रम में बदलाव नहीं : औल्ड

मेलबर्न। खाड़ी में जारी संघर्ष के बाद भी फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स का आयोजन तय समय पर ही किया जाएगा। इसकी अभ्यास रेस 6 मार्च से शुरु होगी। वहीं मुख्य रेस 8 मार्च को होगी। ऑस्ट्रेलियाई ग्रैंड प्रिक्स कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रैविस औल्ड ने कहा है कि अधिकारियों, टीम सदस्यों और ड्राइवरों पर इस संघर्ष का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। ऐसे में सत्र की इस पहली रेस के कार्यक्र में बदलाव नहीं होगा। औल्ड ने माना है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के करण बड़े स्तर पर उड़ानों के रद्द होने से कुछ टीमों को अपनी यात्रा योजनाएं बदलनी पड़ी हैं। इसी को देखते हुए कि फॉर्मूला वन टीम के अधिकारी इस प्रयास में लगे हैं कि ड्राइवर और टीम के लोग वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित रुप से मेलबर्न पहुंच सकें। औल्ड ने कहा, हर कोई रेस के लिए यहां आने तैयार है , इससे प्रशंसकों को तय कार्यक्रम के अनुसार ही रेस देखने को मिलेगी जो उनके लिए भी राहत की बात है । उन्होंने कहा, कुछ ड्राइवर और कुछ टीम सदस्य पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में हैं पर ब्रिटेन और यूरोप से कई सदस्यों को आना है जिसमें रेसर भी शामिल हैं। ऐसे में इन्हें कोई अन्य वैकल्पिक रास्ता देखना होगा। मुझे भरोसा है कि वे लोग भी इस बारे में विचार कर रहे होंगे। वहीं स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो हजार एफ वन कर्मचारियों को पश्चिम एशिया में फंसने से बचने के लिए यूरोप से मेलबर्न के लिए अपनी उड़ानों को फिर से पुर्नप्रबंधित करना होगा। फार्मुला वन करीब 500 स्टाफर्स को तीन विशेष उड़ानो से लाने का प्रयास कर रहा है।



## 590 करोड़ के बैंक घोटाले में दो प्रमुख आरोपित गिरफ्तार

पंचकूला (एजेंसी)। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 590 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में दो प्रमुख आरोपित रिभव ऋषि और अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट से 7 दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन 6 मार्च तक रिमांड मंजूर हुआ। जांच में अब तक कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पुलिस के कब्जे में लिए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन को फर्जी कंपनियों और बैंक खातों के जरिए कई परतों में ट्रांसफर किया गया, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने स्वास्तिक, कैप को फिनटेक और एसआरआर प्लानिंग जैसी शेल कंपनियों का उपयोग किया। पहली परत में इन कंपनियों के कई बैंक खाते सामने आए, जबकि दूसरी परत में सैकड़ों अन्य खातों का नेटवर्क उजागर हुआ। पुलिस और एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इस घोटाले की गहन जांच कर रही है। दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों की जांच से और भी लिंक और पैसों के ट्रांसफर का रास्ता सामने आने की संभावना है।

## गैलन में पेट्रोल-डीजल भरवाकर रख रहे लोग, यूपी में तेल खत्म होने की अफवाह

बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल और डीजल को लेकर अफवाहों ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित कर दी है। लखीमपुर खीरी और बाराबंकी में पेट्रोल पंपों पर अचानक लंबी कतारें लग गई हैं, लोग गाड़ियों के साथ-साथ ड्रम, कैन और गैलन लेकर तेल भरने पहुंचे। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इज़राइल और ईरान के बीच तनाव और युद्ध की खबरों के बाद सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई। लोगों के बीच यह धारणा बन गई कि अगर युद्ध लंबा खिंच गया, तब पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे दाम बढ़ सकते हैं या तेल खत्म हो सकता है। लखीमपुर खीरी में निघासन और भीरा क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग घंटों लाइन में खड़े होकर पेट्रोल और डीजल भरवा रहे थे। सोशल मीडिया पर इन स्थितियों के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें पंप कर्मचारियों के लिए भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल दिखाई दे रहा है। पंपों पर लोगों के बीच जल्द तेल भरवाने की होड़ और धूप में लंबी कतारें स्पष्ट रूप से डर और बेचैनी को दिखा रही हैं। बाराबंकी में भी स्थिति अलग नहीं थी। श्री विष्णु नारायण फिलिंग सेंटर, आजगना, सद्दीपुर थाना जहांगीराबाद और तहसील फतेहपुर स्थित नेशनल ट्रेडिंग कंपनी पेट्रोल पंप पर किसानों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसानों ने खेती के मौसमी काम के लिए डीजल जरूरी बताया और इसे लेकर वे अधिक मात्रा में तेल जमा कर रहे हैं। कई किसानों ने कहा कि लाइन में डेढ़ से दो घंटे से खड़े हैं। आम लोग भी अपनी जरूरत के अनुसार पेट्रोल भरवाने आए थे, लेकिन लंबे इंतजार की वजह से परेशान हो गए। पेट्रोल पंप कर्मचारियों के लिए भी यह चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है।

## ड्रग तस्कर इकबाल मेमन की मुंबई और दुबई में मौजूद 700 करोड़ की संपत्ति की कुर्की की तैयारी

मुंबई (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगौड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के तहत विशेष पीएमएलए अदालत में याचिका दायर कर मुंबई और दुबई में दिवंगत ड्रग तस्कर इकबाल मेमन और उनके परिवार की करीब 700 करोड़ रुपये की 15 संपत्तियों को स्थायी रूप से जब्त करने की मांग की है। याचिका में वर्ली स्थित संपत्तियां शामिल हैं, जिसमें राबिया मेंशन, मरियम लॉज और सी व्यू प्रॉपर्टीज शामिल हैं, साथ ही दुबई में करीब 15 संपत्तियां भी शामिल हैं, जिसमें बुर दुबई में होटल मिडवेस्ट अपार्टमेंट और बिजनेस बे और डीईसी टावर्स में एक दर्जन से अधिक वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयां शामिल हैं।

## नाना पाटेकर का स्ट्रीमिंग डेब्यू 'संकल्प' का दमदार ट्रेलर लॉन्च

**मुंबई** : भारत की अग्रणी फ्री, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा एमेजॅन एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी आगामी सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर सीरीज संकल्प का दमदार ट्रेलर लॉन्च किया। इस सीरीज के साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपना बहुप्रतीक्षित स्ट्रीमिंग डेब्यू कर रहे हैं। प्राचीन चाणक्यझचंद्रगुप्त की कथाओं से प्रेरित यह सीरीज आधुनिक भारत के संदर्भ में राजनीतिक रणनीति को नए अंदाज में प्रस्तुत करती है, जहाँ सत्ता की लड़ाई का मैदान राजमहलों के बजाय कक्षाओं में दिखाई देता है। ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे संसार की झलक देता है, जो तीन शक्तियों : संस्कार, सत्ता और समर्पण से संचालित होता है। नाना पाटेकर के नेतृत्व में इस सीरीज में दमदार कलाकारों की टोली भी शामिल है, जिनमें संजय कपूर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, नीरज काबी, कुब्रा सैत और क्रांति प्रकाश झा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। जियो स्टूडियोज के लिए ज्योति देशपांडे और ढखढ फिल्म्स प्रोडक्शंस के बैनर तले दिशा झा द्वारा प्रोड्यूस की गई, संकल्प का प्रीमियर 11 मार्च को विशेष रूप से एमेजॅन एमएक्स प्लेयर पर होगा। यह रोमांचक सीरीज जियो स्टूडियोज की प्रस्तुति है, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित है। कहानी देश की राजनीति के प्रमुख केंद्रों के बीच घटित होती है। इसमें मात साहब नाम के एक प्रभावशाली शिक्षक को दिखाया गया है, जिनका प्रभाव उनके मूल्यों, वफादारी और अटूट समर्पण पर आधारित है। ट्रेलर में गुरु और शिष्य के बीच होने वाला एक तीखा टकराव धीरे-धीरे सामने आता है, जो महत्वाकांक्षा की नैतिक कीमत और मार्गदर्शन तथा वर्चस्व स्थापित करने के बीच की बेहद पतली रेखा को उजागर करता है। इसके बाद शुरू होने वाली यह संघर्षपूर्ण कहानी दर्शकों को बांधे रखती है, क्योंकि सब यह जानना चाहते हैं कि क्या शिष्य अपने गुरु के खिलाफ आगे बढ़ पाएगा। वरिष्ठ अभिनेता नाना पाटेकर ने कहा, मात साहब का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा सीखने वाला अनुभव रहा। इसने मुझे अभिनय का एक नया पहलू समझने का मौका दिया। यह ऐसा किरदार है जिसमें शांति, अंदरूनी संघर्ष और उसके परिणामों की कई परतें हैं। प्रकाश झा के साथ फिर से काम करना हमेशा खास होता है, क्योंकि वह ऐसी कहानियां बताते हैं जो सब कुछ सीधे-सीधे नहीं बतातीं। उनकी कहानियां दुनिया को उसी रूप में दिखाती हैं जैसी वह वास्तव में है, और दर्शकों के मन में लंबे समय तक रहती हैं।

# बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव, नीतीश के राज्यसभा जाने के बाद भाजपा सीएम की तैयारी

### -नई सरकार में जेडीयू के हो सकते हैं दो डिप्टी सीएम



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। लंबे समय तक राज्य की सत्ता के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। इसके साथ ही बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत होने की संभावना है, जिसमें पहली बार भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता मुख्यमंत्री पद संभाल सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लालू प्रसाद यादव के प्रभाव के बाद जिस दौर को नीतीश कुमार की राजनीति का युग माना जाता था, वह अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद नीतीश कुमार के राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की चर्चा तेज हो गई है।

वैसे अभी नीतीश कुमार के इस्तीफे और नए सीएम के बनने में समय लगना तय माना जा रहा है। जानकारी अनुसार राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया 16 मार्च तक चलने वाली है, जबकि नए राज्यसभा सदस्यों को 9 अप्रैल के बाद शपथ दिलाए जाने की बात कही जा रही। इस स्थिति में कहा जा रहा है कि नई सरकार के गठन में अभी करीब-करीब एक माह का समय लग सकता है। इससे पहले भाजपा और जदयू दोनों ही पार्टियां अपने-अपने विधायक दल की बैठक बुलाकर नेता का चयन कर सकते हैं, जिसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में गठबंधन का नेता चुना जाएगा। इस चयन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औपचारिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। भाजपा सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि रामनवमी (26 मार्च) से पहले बिहार में नई सरकार के गठन किया जाएगा और भाजपा का ही सीनीयर नेता मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगा। रही बात जदयू की तो उसके कोटे से दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना प्रबल है। नई सरकार के गठन के साथ ही इस बार पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन भी हो सकता है। इस आंकलन के मुताबिक लगभग 32 मंत्रियों के साथ नई सरकार शपथ ले सकती है। संभावित फार्मूले के अनुसार 14 मंत्री भाजपा से, 14 जदयू से और 2 लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एक-एक मंत्री शामिल किए जा सकते हैं। इस बार दोनों प्रमुख दलों की ओर से कुछ नए चेहरों को भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने की भी चर्चा आम हो गई है। हालांकि सरकार गठन से पूर्व कुछ अहम विभागों को लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान की स्थिति बन सकती है। फिलहाल कहा जा रहा कि जदयू ने विधानसभा स्पीकर और गृह विभाग पर अपनी दावेदारी जताई है। मौजूदा समय में स्पीकर का पद भाजपा के पास है और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह विभाग है। जदयू का तर्क है कि मुख्यमंत्री पद उनके पास होने के कारण इन पदों पर भी उनका अधिकार होना चाहिए।

दूसरी ओर भाजपा इन दोनों महत्वपूर्ण पदों को अपने पास ही बनाए रखना चाहती है। खासकर गृह विभाग 2005 के बाद पहली बार भाजपा के पास आया है। वहीं विधानसभा स्पीकर का पद भी सरकार की स्थिरता के लिए बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में सरकार गठन से पहले इन मुद्दों पर अंतिम सहमति बनना बाकी है।

## 19 साल की उम्र में बनी देश की सबसे कम उम्र की महिला सीए

### -राजस्थान के झुंझुनूं की हैं राजकुमारी जिन्होंने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले की प्रतिभाशाली छात्रा राजकुमारी पारीक ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की अंतिम परीक्षा पास कर देश की सबसे कम उम्र की महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने महज 19 वर्ष 126 दिन की आयु में यह उपलब्धि हासिल कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले देश की सबसे कम उम्र की महिला सीए बनने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश के मुरैना की नन्दनी अग्रवाल के नाम था, जिन्होंने करीब 19 वर्ष 330 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। राजकुमारी पारीक ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया इतिहास रच दिया है। राजकुमारी की सफलता की खास बात यह है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई और प्रशिक्षण का अधिकांश हिस्सा अपने गृह जिले झुंझुनूं से ही पूरा किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी झुंझुनूं में ही हुई। इसके बाद उन्होंने सीए की प्रारंभिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारी भी स्थानीय स्तर पर करते हुए सफलता हासिल की। चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा को देश की सबसे कठिन पेशेवर परीक्षाओं में से एक माना जाता है। बताया जाता है कि राजकुमारी के पिता हेमंत कुमार पारीक अरुणाचल प्रदेश में मोटर पार्ट्स के व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि उनकी माता सावित्री देवी गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया, जिसका परिणाम आज देश के सामने एक मिसाल के रूप में सामने आया है।

## शराब घोटोले में बरी हुईं कविता का ऐलान तेलंगाना में बनाएगी नई पार्टी

### -कहा- केंद्र सरकार ने एजेंसियों के जरिए हमें विच हंट का शिकार बनाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति की पूर्व सदस्य और के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता तेलंगाना में एक नई पार्टी बनाने जा रही हैं। कविता ने यह एलान तब किया, जब दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत 23 लोगों को दिल्ली शराब घोटाले के मामले में बरी कर दिया था। बरी होने के बाद कविता तिरुमाला में तिरुपति बालाजी मंदिर गईं। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान बालाजी के आशीर्वाद से हम जल्द ही तेलंगाना राज्य में एक पॉलिटिकल पार्टी बनाने जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक के कविता ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि कैसे हमारे साथ इस तरह का भेदभाव किया गया और कैसे केंद्र सरकार एजेंसियों के जरिए हमें इस तरह की विच हंट का शिकार बनाया जाता है। कविता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पूरा देश और खासकर इस देश की महिलाएं उनके साथ खड़ी होंगी। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना के लोग उन्हें आशीर्वाद जरुर देंगे। कविता ने बताया कि पार्टी तेलंगाना के लोगों के लिए काम करने वाली एक रीजनल पार्टी होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली शराब घोटाले के मामले के बारे में बात करते हुए के कविता ने इसे विच हंट कहा और केंद्र पर विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को टारगेट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस देश में राजनीतिक विच हंट हुआ है, जिस तरह से हमें सिर्फ इसलिए टारगेट किया गया क्योंकि हम एक अलग राजनीतिक पार्टी से हैं। यह इस देश में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और न्यायपालिका ने झूठ के इस जाल को देख लिया है और हम सभी को बरी कर दिया।

# राज्यपाल आनंदबोस के अचानक इस्तीफे पर भड़की ममता... शाह के दबाव में लिया



**कलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्यपाल सीवी आनंदबोस के अचानक इस्तीफे ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटनाक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दबाव से प्रेरित बताया और राज्य के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरनाक बताया। सीएम बनर्जी ने कहा कि इस्तीफे के पीछे स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं, लेकिन यह राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से लिया गया कदम प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि बोस के जाने के बाद आरएन रवि, जो तमिलनाडु के राज्यपाल और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले है। सीवी आनंदबोस ने 17 नवंबर 2022 को राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाला था और उनका कार्यकाल नवंबर 2027 तक था, लेकिन उन्होंने करीब साढ़े तीन साल के बाद ही इस्तीफा दे दिया। उनके अचानक इस्तीफे ने राजनीतिक विश्लेषकों और राज्य प्रशासन को आश्चर्यचकित किया। लोक भवन के अधिकारियों ने बताया कि बोस ने दिल्ली से राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र भेजा। सीएम ममता बनर्जी ने इस फैसले को एकतरफा और राज्य हित के खिलाफ कदम बताकर कहा कि केंद्र को सहकारी संघवाद के सिद्धांतों का सम्मान करना चाहिए।

वहीं, भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने सीएम ममता बनर्जी के आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि राजभवन में बदलाव सामान्य प्रक्रिया है और बोस ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया। इस घटनाक्रम का समय भी संवेदनशील है क्योंकि जल्द ही निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर सकता है।

बता दें कि आनंदबोस ने अपने कार्यकाल के दौरान कई बार राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की और तृणमूल कांग्रेस के साथ उनके टकराव के मामले सामने आए। उनका इस्तीफा उनके पूर्ववर्ती जगदीप धनखड़ के अचानक पद छोड़ने की याद दिलाता है, जिन्होंने 2022 में उपराष्ट्रपति चुने जाने के कारण राज्यपाल पद छोड़ा था। इस इस्तीफे ने राज्य और केंद्र सरकार के बीच राजनीतिक गतिशीलता को बढ़ा दिया है और चुनाव से पहले सियासी माहौल को और गरम कर दिया है। कुल मिलाकर, बंगाल में राज्यपाल के इस्तीफे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है, और इसे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण घटना माना जा रहा है।

# दिल्ली में बैठकर बोले ट्रंप के मंत्री- हम चीन की तरह भारत को नहीं देंगे आर्थिक फायदे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक सम्मेलन रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की असीमित संभावनाओं को साकार करने के लिए उसके साथ काम करना चाहता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका पुरानी गलतियों से सीख चुका है। उन्होंने कहा- हम भारत के साथ वह गलती नहीं दोहराने जा रहे हैं, जो हमने 20 साल पहले चीन के साथ की थी। चीन इन्हीं छूटों का फायदा उठाकर आज अमेरिका का एक बड़ा प्रतिद्वंद्वी बन गया है।

क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा, हम उस व्यापार समझौते को लेकर उत्साहित हैं जो अब लगभग अंतिम चरण में है, और मुझे लगता है कि यह वास्तव में असीमित संभावनाओं के द्वार खोलने का आधार बन सकता है। हम भारत और इन आर्थिक व वाणिज्यिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। लेकिन भारत को यह समझना चाहिए कि हम भारत के साथ वो गलतियां नहीं दोहराने जा रहे हैं जो हमने 20 साल पहले चीन के साथ यह कहकर की थीं कि, आप इन सभी बाजारों को विकसित कर सकेंगे, और फिर बाद में हम देखते हैं कि आप हमें ही कई व्यावसायिक मोर्चों पर पछाड़ रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम जो कुछ भी करें वह हमारे लोगों के लिए निष्पक्ष हो, क्योंकि अंततः हमें अपने नागरिकों के प्रति जवाबदेह होना है, ठीक वैसे ही जैसे भारत सरकार की जवाबदेही अपने नागरिकों के प्रति है।

भारत ने मध्य पूर्व के इस बढ़ते विवाद में किसी भी पक्ष का समर्थन करने से बचते हुए पूरी तरह से तटस्थ रुख अपनाया है। इस बीच, भारत और अमेरिका के बीच उस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यभार संभालने के समय से ही बातचीत चल रही है। बता दें कि कई दौर की सकारात्मक बातचीत के बाद, वाशिंगटन ने पिछले महीने भारतीय सामानों पर टैरिफ (आयात शुल्क) को 50 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है।

मौजूदा समय में जब अमेरिका भू-राजनीतिक वार्ताओं में टैरिफ का इस्तेमाल एक हथियार के तौर पर कर रहा है, तब भारत अन्य देशों की तरह अपनी आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है। भारत एक व्यापारिक भागीदार के रूप में केवल अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करने और अपने व्यापार में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है। इसी रणनीति के तहत, भारत ने कई अन्य देशों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के साथ भी एक अहम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के कारण ईंधन की आपूर्ति और भंडारण पर मंडरा रहे खतरे के बीच, अमेरिका ने मदद का हाथ बढ़ाया है। लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

# महिला दिवस पर एण्डटीवी की खास पहल, लखनऊ में होगा सेल्फी एक्टिवेशन

एजेंसी

**मुंबई :** एण्डटीवी इस महिला दिवस पर अपनी कहानियों को स्क्रीन से बाहर लेकर एक खास ऑन-ग्राउंड पहल के साथ लखनऊ में 7 से 8 मार्च तक एक प्रमुख मॉल में कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह पहल सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं को पहचान और मंच देने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस अभियान में अभिनेत्री शिल्पा शिंदे 8 मार्च को विशेष उपस्थिति दर्ज कराएँगी, जिन्हें दर्शक 'भाबीजी घर पर हैं। 2.0' में अंगूरी भाबी के रूप में बेहद पसंद करते हैं। वह प्रतिभागियों से मिलेंगी और इस पहल के संदेश को आगे बढ़ाएँगी। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, एण्डटीवी महिला दिवस पर 'सेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ!' पहल लेकर आया है। यह एक ऐसा खास और उत्साह से भरा अवसर है, जो महिलाओं को आगे बढ़कर खुद का जश्न मनाने के लिए प्रेरित करता है। इस एक्टिवेशन के तहत महिलाएँ विशेष रूप से तैयार किए गए इंस्टॉलेशन पर सेल्फी लेकर एण्डटीवी को टैग कर सकती हैं। एक साधारण-सा पल इस तरह उनके लिए चमकने का मौका बन सकता है। चुनी गई प्रतिभागियों को 8 मार्च को अभिनेत्री शिल्पा शिंदे से मिलने का अवसर मिलेगा और एक विजेता को एण्डटीवी के आने वाले एपिसोड में फीचर किया जाएगा, यानि उन्हें मिलेगा एक सेल्फी से शुरू होकर स्टार बनने तक का यादगार सफर। यह पहल उस सोच पर आधारित है कि महिलाएँ अक्सर दूसरों की खुशियों और उपलब्धियों का जश्न मनाती हैं, लेकिन खुद को सराहने के लिए शायद ही रुकती हैं। इसी विचार के साथ इसे इस तरह तैयार किया गया है कि हर महिला को पहचान और आत्मविश्वास का एक खास पल मिल सके। इस अनुभव का मुख्य आकर्षण एक विशेष रूप से तैयार किया गया एण्डटीवी मिरर इंस्टॉलेशन है, जिसके चारों ओर एक प्रतीकात्मक ताज सजाया गया है। यह आईना महिलाओं को खुद को नए नजरिए से देखने और अपनी ताकत को महसूस करने के लिए प्रेरित करता है। 'वूमन एंड कॉन्फिडेंट, वूमन एंड बॉस, वूमन एंड इंडिपेंडेंट, वूमन एंड केयरफ्री' जैसे संदेश यह दशार्ते हैं कि महिलाएँ रोजमर्रा की जिंदगी में कितनी विविध और मजबूत भूमिकाएँ निभाती हैं। आईने के ऊपर सजा ताज इस भावना को व्यक्त करता है कि ₹वह खुद अपनी हीरो है। खुद अपनी हौंसला-अफजाई है। खुद अपनी ताकत है। इस पहल का हिस्सा बनने को लेकर अपने विचार साझा करते हुए, शिल्पा शिंदे ने कहा, मेरा मानना है।



# अदालत के आदेशों का पालन न करना, आजकल फैशन बन गया... सुप्रीम कोर्ट ने जाहिर की नाराजगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के आदेशों का पालन न करने और अवमानना याचिका दायर होने पर देरी से अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी जता दी है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि यदि इसतरह के मामलों में सख्ती नहीं दिखाई गई, तब न्यायपालिका में लोगों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल?ला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि हाल के वर्षों में देखने में आया हैं कि अदालत के आदेशों का लंबे समय तक पालन नहीं होता और जब अवमानना याचिका दायर होती है, तब उसके बाद काफी देरी के साथ अपील या पुनर्विचार याचिका दाखिल होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपील में देरी अपवाद होनी चाहिए, लेकिन अब यह करीब-करीब नियम बनती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति को स्वीकार नहीं कर सकते है। शीर्ष अदालत के अनुसार, जब कोई पक्ष जानबूझकर अदालत के आदेशों का पालन नहीं करता, इस आचरण से न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस तरह के मामलों में यह आचरण कई बार आपराधिक अवमानना की सीमा तक पहुंच सकता है। अदालत ने कहा कि यदि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इन मामलों में दृढ़ता नहीं दिखाते, तब देश के आम नागरिकों का न्यायपालिका में अटूट विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

अदालत के अनुसार, आदेश की जानकारी होने के बावजूद यदि कोई पक्ष जानबूझकर उस आदेश का पालन नहीं करता, तब वहां अवमानना के दायरे में आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवमानना की कार्यवाही केवल अदालत में पक्षकार रहे व्यक्तियों तक सीमित नहीं होगी।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी छत्?तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान की। मामला कर्मचारियों की सेवाओं के नियमितीकरण से जुड़े आदेश के पालन न करने से जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिकारियों को आदेश लागू करने के लिए अंतिम मौका देकर 15 दिन का समय दिया है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**